# जबलपुर में आज का मौसम

सोमवार सुबह का तापमान

20.7 -4 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

28 डिसे

तेज धूप ,हल्के बादल
शाम तक आंधी बारिश के आसार


# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 82- ● जबलपुर ● सोमवार, 24 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष4 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


## बेकाबू ट्रक ने लोगों, दुकानों और गाड़ियों को कुचला, एक की मौत, दो घायल

**रायपुर, ईएमएस।** जिले के तिल्दा इलाके में रविवार को भीषण सड़क हादसा हो गया।बेकाबू ट्रक ने लोगों के साथ दुकानों और कुछ गाड़ियों कुचल दिया।इस हादसे में मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।भागते समय ट्रक चालक ने कुछ कारों को भी ट्रक ने टक्कर मारी है।जहां पर यह हादसा हुआ वह तिल्दा का प्रमुख बाजारी इलाका है। यहां देर शाम लोगों की आवाजाही रोज की तरह लगी हुई थी, गाड़ियां सड़क किनारे पार्क की गई थीं।

» न्यूज गैलरी

## राहुल का कर्नाटक दौरा, आज युवा संवाद करेंगे



■ बेलगावी, एजेंसी।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर राहुल गांधी एक हफ्ते में दूसरी बार राज्य के दौरा कर रहे हैं। रविवार को हुबली में समाज सुधारक बसवान्ना की जयंती समारोह में हिस्सा लिया। इसके बाद संगमनाथ मंदिर और एक्य लिंग मंदिर में पूजा की।आज वे बेलागवी के रामदुर्ग में गन्ना किसानों के साथ बातचीत करेंगे। इसके बाद गडग में युवा संवाद में भाग लेंगे। साथ ही हंगल में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।राहुल गांधी रविवार को हुबली पहुंचे थे। जहां से वे बागलकोट गए। इस दौरान 12वीं शताब्दी के कवि और समाज सुधारक बसवेश्वर की जयंती पर कुदाल संगम में शामिल हुए। इस समारोह के बाद राहुल विजयपुरा में जन संपर्क के लिए रोड शो किया और वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया।

## अमेरिकी राज्य टेक्सास के स्कूल में फायरिंग, 9 टीनएजर्स घायल

■ टेक्सास, एजेंसी।

अमेरिकी राज्य टेक्सास के जैस्पर में भारतीय समय के मुताबिक, रविवार देर रात एक स्कूल में फायरिंग हो गई। 9 टीनएजर्स घायल हो गए। हमले के वक्त प्रॉम पार्टी चल रही थी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा- गोलीबारी के फौरन बाद सभी टीनएजर्स को अस्पताल ले जाया गया। सभी की हालत फिलहाल स्थिर है। हमलावर कौन था, उसे गिरफ्तार किया गया या नहीं, पुलिस ने फिलहाल इसकी जानकारी नहीं दी है। हमले की वजह भी सामने नहीं आई है।

### 4 लाख लोगों को कराया गृह प्रवेश, कई योजनाओं का किया शिलान्यास, तीन ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

# आज प्रधानमंत्री मोदी आज रीवा में प्रदेश को दीं कई सौगातें

**रीवा, यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एसएएफ मैदान में आयोजित राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने विकास कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके उपरांत प्रधानमंत्री मोदी ने समारोह में प्रधानमंत्री आवास के 4 लाख हितग्राहियों को वर्चुअल माध्यम से गृह प्रवेश कराया तथा जल जीवन मिशन की 7853 करोड़ लागत की 4 बड़ी समूह जल योजनाओं का भूमिपूजन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत देश के एक करोड़ 25 लाख हितग्राही को स्वामित्व संपत्ति कार्ड प्रदान किए। इसके साथ ही रीवा से इतवारी तक प्रतिदिन चलने वाली ट्रेन को वर्चुअल माध्यम से व छिंदवाड़ा-नैनपुर ट्रेन और नैनपुर-छिंदवाड़ा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई तथा विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री मोदी मुख्य कार्यक्रम स्थल एसएएफ मैदान पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया इसके बाद समारोह के मुख्य मंच पर उनके मुख्यआतिथ्य में समारोह में धरती कहे पुकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । सीएम शिवराज बोले, अनेक सौगातें लेकर ला आए प्रधानमंत्री सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज मध्य प्रदेश के सौभाग्य के सूर्य का फिर से उदय हुआ है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्य प्रदेश की धरा रीवा पधारे हैं। प्रधानमंत्री जी अनेक सौगातें मध्य प्रदेश के लिए लेकर आ आए हैं।





इस मौके पर राज्यपाल मंगूभाईपटैल, केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद पटैल समेत अनेक मंत्री मौजूद रहे।



## इंदौर में पेट्रोल पंप पर बस में लगी आग

■ इंदौर, यशभारत।

**जलती हालत में भागा ड्राइवर, कंडक्टर बस को 200 मीटर दूर तक ले गया**

इंदौर में पेट्रोल पंप पर डीजल डलवाने के दौरान बस के टैंक में अचानक आग लग गई। जिससे वहां खड़ा बस ड्राइवर बुरी तरह झुलस गया। आग लगते ही वह पेट्रोल पंप से दूर भागा। कंडक्टर ने सूझबूझ दिखाते हुए फौरन यात्रियों को बस से उतरने के लिए आवाज लगाई। वह बस को जलती हालत में पेट्रोल पंप से करीब 200 मीटर दूर तक ले गया। इस दौरान कंडक्टर भी झुलस गया। बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। ये बस रविवार दोपहर को हरदा से इंदौर आई थी। ड्राइवर कपिल और कंडक्टर रामकृष्ण को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ड्राइवर कपिल करीब 40 प्रतिशत जल गया है।भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक घटना चितावद रोड से नवलखा के बीच की है। यहां दोपहर करीब 2.30 बजे इंडियन पेट्रोल पंप पर यादव ट्रेवल्स की बस में डीजल डलवाया जा रहा था।

## मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने घोषित की परीक्षाओं की तारीख

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने आगामी तीन माह में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं की तारीख घोषित कर दी है। सभी परीक्षाओं की समय-सारिणी के साथ नियमावली भी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।




### छह मई तक होंगे आवेदन

समूह-1 उप समूह-1 के अंतर्गत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी व अन्य पदों पर भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 17 अप्रैल से शुरू की गई है, वहीं समूह-2 उप समूह 1 के अंतर्गत ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (कार्यपालिक) पदों की भर्ती के लिए संयुक्त परीक्षा होगी।

### तीन महीने में ये परीक्षाएं होंगी

- 2 मई से माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा-2023 का आयोजन होगा।
- 22 मई वन रक्षक एवं क्षेत्र रक्षक (कार्यपालिक) वन विभाग, जेल प्रहरी (कार्यपालिक), जेल विभाग संयुक्त परीक्षा-2023 का आयोजन होगा।
- 8 जून से प्री नर्सिंग सलेक्शन टेस्ट-2020 की परीक्षा होगी।
- 17 जून से ग्रुप-5 स्टाफ नर्स, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संयुक्त भर्ती परीक्षा-2023।
- 2 जुलाई से ग्रुप-4, सहायक, ग्रेड-3 स्टेनोटाइपिस्ट, स्टेनोग्राफर और अन्य संयुक्त परीक्षा 2023।
- 15 जुलाई से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी, अन्य पदों के लिए परीक्षा।

## समलैंगिक विवाह का बार काउंसिल ने भी किया विरोध
## कहा- सुप्रीम कोर्ट इस मामले को संसद पर छोड़े

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया और स्टेट बार काउंसिलों ने रविवार को समलैंगिक जोड़ों के विवाह के अधिकार पर सुप्रीम कोर्ट के किसी भी फैसले का विरोध किया है. बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने कहा कि देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता को देखते हुए इस मुद्दे को संसद पर छोड़ देना चाहिए। अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बीसीआई और राज्य बार काउंसिलों की एक संयुक्त बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया. जिसमें कहा गया कि भारत सामाजिक-धार्मिक रूप से सबसे विविध देशों में से एक है. 'कोई भी ऐसा मामला जिससे मौलिक सामाजिक संरचना के साथ छेड़छाड़ की संभावना है, ऐसा मामला जो हमारे सामाजिक-सांस्कृतिक और धार्मिक विश्वासों पर दूरगामी प्रभाव डाल सकता है, उसे अनिवार्य रूप से केवल विधायी प्रक्रिया के माध्यम से आना चाहिए.'।

## द बर्निंग प्लेन! बीच हवा में फ्लाइट में लगी आग
### यात्रियों की अटक गई सांसें

■ वाशिंगटन, एजेंसी।

रविवार को एक अमेरिकन एयरलाइंस में उस समय हड़कंप मच गई जब फ्लाइट से पक्षी के टकराने के बाद इंजन में आग लग गई. फ्लाइट में आग लगने के बाद इसे अमेरिका के ओहियो एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में फ्लाइट के दाहिने इंजन से आग की लपटें और धुएं को निकलता हुआ देखा जा सकता है. एजेंसी के अनुसार एक ट्विटर यूजर ने इस घटना का वीडियो शेयर करते हुए लिखा मैंने अभी-अभी ,1958 को उड़ान भरने के तुरंत बाद इंजन में कुछ समस्या देखा. इंजन से आग की लपटें निकल रही थीं और फ्लाइट से तेज आवाज आ रही थी'. बोइंग 737 फ्लाइट 1958 कोलंबस से फीनिक्स के लिए रवाना हुई।





## क्या खतरे में है महाराष्ट्र की शिंदे सरकार
### उद्धव ठाकरे बोले- हम चुनाव के लिए तैयार

■ मुंबई, एजेंसी।

क्या महाराष्ट्र की राजनीति में नया भूचाल आने वाला है? क्या यहां किसी भी वक्त मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं? उद्धव ठाकरे और संजय राउत के ताजा बयानों के बाद यह चर्चा गर्म है। एकनाथ शिंदे समर्थक बागी विधायकों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिदे गुट के 16 विधायकों की वैधता पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला हफ्ते भर में आने की उम्मीद है। इस फैसले के बाद महाराष्ट्र में राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं।पिछले साल शिवसेना की अगुवाई वाली महाविकास आघाड़ी की सरकार जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे गुट की ओर से 16 विधायकों की सदस्यता की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रखा हुआ है। यदि संविधान पीठ के फैसले में इन 16 विधायकों की सदस्यता को अवैध ठहराया जाता है तो अभी चल रही एकनाथ शिदे सरकार खतरे में पड़ सकती है। इस बीच, उद्धव ठाकरे और उनके करीबी संजय राउत ने महाराष्ट्र में चुनावों की बात कही है। राउत ने दावा किया कि वर्तमान मुख्यमंत्री और उनके 40 विधायकों की सरकार 15 से 20 दिन में गिर जाएगी। अब यह तय होना है कि कौन इस पर हस्ताक्षर करेगा। वहीं उद्धव ठाकरे ने भी कहा है कि महाराष्ट्र में किसी भी समय चुनाव हो सकते हैं और हम इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं।यह बातें तब हो रही हैं जब एनसीपी नेता अजित पवार के भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि अजित पवार ने इससे इन्कार किया है, लेकिन कहा जा रहा है कि यह भी भाजपा का प्लान है। यदि शिंदे समर्थक विधायक अयोग्य घोषित होते हैं, तो भाजपा अजित पवार का समर्थन ले सकती है।








**यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें**

**मो. 9407348995, 7999718732**


## पुंछ हमला... आतंकियों ने मिलिट्री ट्रक पर दागी थी स्टील बुलेट

■ श्रीनगर, एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 20 अप्रैल को आर्मी के ट्रक पर आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में 5 जवान शहीद हो गए थे। मामले की जांच हस्त्र और हुद्ध की टीम कर रही है। घटना को लेकर रविवार को एक नई जानकारी सामने आई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक आतंकियों ने ट्रक से जा रहे जवानों पर हमले के लिए स्टील कोर बुलेट्स का इस्तेमाल किया। ये बुलेट्स बख्तरबंद ढाल को भी भेदने में सक्षम थीं। माना जा रहा है कि भाटा धुरियन के घने जंगल वाले इलाके में एक स्नाइपर ने ट्रक को आगे से निशाना बनाया। इसके बाद अन्य आतंकवादियों ने ट्रक पर गोलियां बरसाई और ग्रेनेड फेंके। लिहाजा सैनिकों को जवाबी कार्रवाई करने का समय तक नहीं मिला।सेना के ट्रक में इफ्तार के लिए खाने का सामान था। इसे लेकर वे पास के गांव जा रहे थे। ये जवान आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए तैनात राष्ट्रीय राइफल्स की एक यूनिट से थे। हमले के बाद आतंकवादी सैनिकों के हथियार लेकर फरार हो गए।सेना के ट्रक पर गोलियों के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं।

## डिब्रूगढ़ जेल के आइसोलेशन वार्ड में रखा गया अमृतपाल, रॉ और आईबी भी करेंगे पूछताछ

■ अमृतसर, एजेंसी।

सिख अलगाववादी नेता और च्वारिस पंजाब देज्के प्रमुख अमृतपाल सिंह को गिरफ्तारी के बाद असम के डिब्रूगढ़ जेल में शिफ्ट किया गया है। यहां उसे आइसोलेशन वार्ड में रखा गया है। जल्द ही आईबी और रॉ के अधिकारी भी उससे पूछताछ करेंगे। माना जा रहा है कि उसके पाकिस्तान के आईएसआई और विदेशों में रह रहे खालिस्तान समर्थक आतंकियों से संपर्क रहे हैं। बता दें कि च्वारिस पंजाब देज के चीफ अमृतपाल सिंह को रविवार को पंजाब के मोगा जिले के रोडे गांव से गिरफ्तार किया गया।



## न्यूजीलैंड में सुबह-सुबह कांपी धरती
### 7.1 की तीव्रता का आया जोरदार भूकंप, चेतावनी जारी

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

न्यूजीलैंड में भूकंप आने का सिलसिला जारी है. इसी कड़ी में भारतीय समयानुसार आज सुबह 6 बजकर 11 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किये गए हैं. ये भूकंप न्यूजीलैंड के केर्माडेक द्वीप समूह पर 7.1 की तीव्रता से आया था. भूकंप का केंद्र जमीन के नीचे 10 किमी की गहराई में था. भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है. इससे पहले मार्च के महीने में भी न्यूजीलैंड में भूकंप के झटके महसूस किये गए थे.अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप से करीब 900 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में केर्माडेक द्वीप के पास 49 किलोमीटर की गहराई पर आया. प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र के अनुसार, भूकंप से हवाई और प्रशांत क्षेत्र को कोई खतरा नहीं है. न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय आपात प्रबंधन एजेंसी ने एक बयान में बताया कि वह यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि भूकंप फिर न्यूजीलैंड को प्रभावित कर सकता है या नहीं। लोगों को तटीय क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी गई है।



### हाईटेक हुए विधायक उमंग सिंघार

# हजार किलो मीटर दूर कर्नाटक से विधानसभा के लोगों से स्क्रीन पर आकर बोले- राम-राम

**बाग, यशभारत। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनावों को अब छह माह ही शेष बचे है। ऐसे में अब मतदाताओं से मेलजोल ओर उनकी पूछ परख भी बढ़ती जा रही है। हर कोई चुनाव लड़ने वाला नेता और विधायक अपनी-अपनी विधानसभाओ में सक्रिय नजर आ रहे है। प्रदेश के आदिवासी नेता व पूर्व मंत्री के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव गंधवानी विधायक उमंग सिंघार इस वक्त कर्नाटक विधानसभा चुनावों में व्यस्त होने के बावजूद अपनी विधानसभा से एक हजार किलो मीटर दूर बैठकर भी वे अपनी विधानसभा गंधवानी के लोगों से मेलजोल रखने के साथ उनकी समस्याओं से भी रूबरू हो रहे है। ऐसा अबतक मध्यप्रदेश में किसी दूसरे विधायक ने हाईटेक होकर नहीं किया है*।**

### वर्चुअल बैठक के माध्यम से दी पेयजल टैंकर,विद्युत डीपी की सौगात

विधायक उमंग सिंघार ने अपनी विधानसभा से एक हजार किलो मीटर दूर से कर्नाटक से ही अपने लोगों से एक स्क्रीन लगी हाईटेक गाड़ी से उनके ग्राम में ही वर्चुअल बैठक ओर बातचीत की। विधायक ने ग्रामीणों से राम-राम कर उनके हाल चाल जाने एवं ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। वर्चुअल चर्चा में विधायक सिंघार ने ग्रामीणों की मांग पर गांव में विद्युत डीपी की स्वीकृति के साथ पेयजल के लिए टैंकर भी वितरण किये।

### *हाईटेक टेक्नालॉजी देख ग्रामीण हुए खुश

गंधवानी विधायक उमंग सिंघार वैसे तो शुरू से ही सोश्यल मीडिया पर सक्रिय रहते है वही अब हाईटेक नजर आ रहे है। धार जिले ही नही पूरे मध्यप्रदेश में एक मात्र उमंग सिंघार ही है जो अपनी विधानसभा में वर्चुअल टेक्नालॉजी के साथ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के लोगो से रूबरू होकर उनके हाल चाल जान रहे है। शनिवार शाम को बाग जनपद के ग्राम पंचायत पाडल्या, अखाड़ा, टकारी सहित ग्राम करकदा में प्रदेश के पूर्व मंत्री व आदिवासी नेता उमंग सिंघार ने कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान कुछ समय निकालकर अपनी विधानसभा के लोगो से वर्चुअल माध्यम से बैठके ओर चर्चाए की। वही रविवार को ग्राम चीजबा, थाना, पिपरियापाणी, मेहसरा के ग्रामीणों को पेयजल टैंकर की सौगात दी। इस टेक्नालॉजी में विधायक सिंघार ने एक वाहन को पूरी तरह हाईटेक बनाकर अपनी विधानसभा में उतारा है। विधायक सिंघार ने ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें बताया कि वे अभी कर्नाटक में विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार कर रहे है। विधायक सिंघार की इस नई विधा से ग्रामीणजन भी खुश है।





विधायक के इस कार्य मे उनकी टीम के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रोहित झवर सहित, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजू अनारे, राज मालानी, जाफर मेव, सरपंच जामसिंग, माधुभाई, शैलेश टकारी, केरम अखाड़ा, भुनेश सेन, विनोद पंच, सूरज मंत्री, कपिल चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कहीं भी रहूं जनता से नजदीकी बनी रहेगी

जब ग्रामीणों से इस टेक्नोलॉजी युग ओर विधायक के इस तरह मिलने को लेकर पूछा तो उनका कहना था कि ऐसा लगा ही नही की विधायक उनके बीच नहीं है। उनकी आज सभी समस्याओं एवं मांगो के साथ उनकी बात भी विधायक ने सुनकर जबाब दिया। जबकि यहाँ आने पर तो गाँव वालों की भीड़ उन्हें घेर लेती है। जिससे वे सबसे नहीं बोल पाते है। विधायक उमंग सिंघार बोले में कही भी रहू परन्तु मेरी व मेरे मतदाताओं से नजदीकी बने रहेगी। इसलिए मैंने इस स्क्रीन लगे वाहन के माध्यम से गाँवो तक पहुँचकर ग्रामीणों की समस्याओं के साथ उनके सुख- दुःख को भी जान रहा हूँ। मुझे वर्तमान में पार्टी नेतृत्व ने कर्नाटक चुनाव को लेकर 15 दिनों से अधिक समय की जिम्मेदारी दी है। जिसे भी निभाना है और अपनी विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि होने के दायित्व का भी जिम्मेदारी से निर्वहन करना है।

# अंधत्व की अनुभूति संचलन कल

## संस्कारधानी के नागरिक आंख पर पट्टी बांधकर निकलेंगे

**जबलपुर, यशभारत।** समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसन्धान मंडल (सक्षम) म.प्र. के तत्वावधान में महाकवि सूरदास जयंती के अवसर पर ब्लाइंड फोल्डेड वाक (अंधत्व की अनुभूति संचलन) का कार्यक्रम 25 अप्रैल को प्रात: 9 बजे किया जा रहा है । इस संचलन में संस्कारधानी के नागरिक आंख पर पट्टी बांधकर मालवीय चौक से तीनपत्ती, नौदरा ब्रिज होते हुए वन्दे मातरम उद्यान सिविक सेंटर पहुंचेंगे जहाँ इस कार्यक्रम का समापन होगा। डॉ. पवन स्थापक ने बताया की आंख में पट्टी बांधने वाले नागरिको को दृष्टिबाधित छात्र-छात्राएं हाथ पकड़कर मार्ग दिखाएंगे जिससे लोगों को इस बात का अनुभव होगा की जिन्हे संसार नहीं दिखता उनका जीवन कैसे चलता होगा । इस कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग,शासकीय दृष्टिहीन विद्यालय, दृष्टिहीन कन्या शाला, स्टेडियम परिवार,गुड मॉर्निंग परिवार, आई.एम.ए. जबलपुर, अखिल विश्व गायत्री परिवार, दादा वीरेंद्रपुरी जी नेत्र संस्थान (देवजी नेत्रालय) आदि संस्थाएं सहयोग कर रही है । कार्यक्रम में शामिल होने डॉ. पवन स्थापक, पीयूष जैन, देवेंद्र सोनी, डॉ. राजीव सक्सेना, डॉ. राकेश पाठक,डॉ. आयुष टंडन, डॉ. अमरेंद्र पांडेय, डॉ, आशीष गुप्ता,संदीप रजक,अरविन्द दुबे,अजीत दुबे,पालन काका,बी.बी.शर्मा,शिवशंकर कपूर,संतोष विश्वकर्मा,पवन जैन,धर्मेंद्र प्रताप सिंह अशोक परयानी,शिवेंद्र सिंह परिहार,पूनम चंद मिश्रा अरविन्द गुप्ता,संतोष जैन,संदीप अग्रवाल,एच.पी.तिवारी,सुनील जैन,डॉ. अर्पिता स्थापक,डॉ. रीतेश शुक्ला,श्रीमती अनुपमा स्थापक, डॉ. सोनिया टंडन ने अपील की है ।



200 से ज्यादा सदस्यों ने इंटक की प्राथमिक सदस्यता ली

# ओएफके में लाल झंडा छोड़ इंटक में जुड़े सदस्य



**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस आयुध निर्माणी खमरिया में लाल झंडा छोड़कर बड़ी संख्या में सदस्य इंटक में शामिल हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। लाल झंडे के 200 से ज्यादा सदस्यों ने इंटक की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की है। भगवान परशुराम के जन्मदिन एवं ईद के मुबारक दिन पर कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा, चिंटू चौकसे,शिव यादव,सोनू दुबे एवं वरिष्ठ इंटक नेता अरुण दुबे की मौजूदगी में लाल झंडे के जेसीएम सदस्य राकेश रंजन, कार्यसमिति सदस्य रोहित सेठ, कैंटीन कमेटी सदस्य मुकेश मुखिया, संरक्षा समिति सदस्य प्रमोद यादव, संतोष सिंह,सुबोध, अजीत, सुजीत, अम्बिका, रोहित कुमार, चन्द्र हास, अमरेन्द्र, रामप्रकाश,रविश सिन्हा , धृतेश, कन्हैया कुमार, हेमेंद्र कुशवाहा, राजीव शर्मा, विपिन बिहारी,मनोज कुमार, निखिल सिंह समेत कई डेलीगेट ढोल नगाड़ों के साथ शामिल हुए।दावा है इसका असर को-आपरेटिव सोसाइटी में भी पड़ेगा।

यूनियन के अमित चौबे, अखिलेश पटेल,राकेश जयसवाल,अनिल गुप्ता,अनुपम भौमिक, रमेश यादव,जीवन सिंह महेंद्र रजक हृदेश यादव आशीष तिवारी धर्मेंद्र रजक मुकेश विनोदिया दीपक कुमार राहुल चौबे राजीव रंजन जीजो सी जैकब आदि ने नए सदस्यों का स्वागत किया।दूसरी ओर लेबर यूनियन के महासचिव अर्नव दास गुप्ता ने कहा गया कि यूनियन के खिलाफ गतिविधियों के कारण सदस्यों को निकाला गया है।



# तकनीकी विकास के साथ ही तकनीकी विस्तार जरूरी: प्रोफेसर अखिलेश कुमार पांडेय

**खरपतवार अनुसंधान निदेशालय द्वारा 35वें स्थापना दिवस का आयोजन**

**जबलपुर,यशभारत।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् - खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर ने अपना 35वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. अखिलेश कुमार पांडेय कुलपति विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. पीके मिश्र, कुलपति जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय प्रो. आरसी मिश्र कुलपति महाकोशल कॉलेज, डॉ. एसआरके सिंह निदेशक कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान और डॉ. जेएस मिश्र निदेशक खरपतवार अनुसंधान निदेशालय उपस्थित रहे।

इस मौके पर प्रो. अखिलेश कुमार पांडेय कुलपति विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन ने कहा कि तकनीकी विकास के साथ तकनीकी विस्तार बहुत जरूरी है। स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में साल भर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। वहीं आधुनिक कृषि और समन्वित खरपतवार प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 8 प्रगतिशील किसानों का भी सम्मान किया गया।

# सी ए करिअर काउंसलिंग से सामान्य वर्ग के छात्रों के उन्नयन का प्रयास





**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर सी ए ब्रांच द्वारा सी ए करिअर काउंसलिंग की रूप रेखा बनाई गई, तब ये बात विमर्श में थी की सभी स्कूल और कॉलेज में करना है, पर जब हमने गंभीरता से सोचा इसकी सबसे ज्यादा आवशयकता कहाँ है और पहली वरीयता किसे दी जाये तो जो नाम सामने आया वो नाम था सरस्वती शिशु मंदिर सरस्वती शिशु मंदिर के स्कूलों में सामान्यत हिंदी माध्यम और सामान्य वर्ग वर्ग के बच्चे पढ़ते है और उन्हें सबसे ज्यादा आवशयकता होती है की उन्हें भविष्य में क्या करना है, इसको धयान में रखते हुए सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. विद्यालय, के 4 स्कूलों में सी ए करिअर काउंसलिंग का आयोजन किया गया, इसमें रांझी, अधारताल, पनागर, गंगा नगर के स्कूल में कक्षा 9वी से 12वी तक के बच्चों की करिअर काउंसिलिंग का आयोजन पुरे सप्ताह 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक किया गया। इसमें लगभग 800 बच्चे शामिल हुए द्य सभी कार्यक्रम सरस्वती वंदना और सभी अतिथियों का श्रीफल से स्वागत के साथ किया गया।

सीए राकेश खंडेलवाल द्वारा इसमें सी ए कोर्स की विस्तृत जानकारी दी गई और पी पी टी प्रस्तुति दी गई, जिसमे सीए कोर्स जुडी जानकारी दी की किस प्रकार इसमें आप प्रवेश कर सकते है, ये दुनिया का सबसे विश्वसनीय और पारितोषिक वाला व्यावसायिक कोर्स है और इसमें मिलने वाली छात्र वृत्ति इसकी लागत से अधिक होती है, बस आपको लगन और परिश्रम से पढ़ना है। सी ए बनने के बाद बच्चे किस किस क्षेत्र मे नौकरी प्राप्त कर सकते है, कौन कौन से नए कोर्स कर सकते है, देश विदेश मे क्या नए नए अवसर प्राप्त होंगे कि महत्ता के बारे में जानकारी दी और बताया की इस कोर्स की सबसे बड़ी खासियत वही है की इसमें पढ़ाई के साथ साथ ट्रेनिंग भी दी जाती है, जिससे छात्रों के व्यक्तित्व में निखार आता है । सीए कमल वलेचा ने छात्रों के सवालों के जवाब दिए और बताया कि हिंदी माध्यम के विद्यार्थी के लिए सभी विद्या सामग्री आई सी ए आई की वेबसाइट पर मिल जायेगी, चूँकि निम्न और माध्यम वर्गीय छात्रों को कोई मार्गदर्शन देने वाला नहीं होता है और उनके माता पिता वृत्ति कमाने में समय निकाल देते है अतः उन्हें विशेष ध्यान रखना चाहिए पढ़ाई का, ताकि उससे उनका और उनके समाज एवं देश का विकास हो, सीए के ट्रेनिंग प्राप्त किये हुए छात्रों की भी उद्योगों और व्यवसाय में नौकरी के लिए भारी आवशयकता है. उसके लिए आई सी ए आई एक सर्टिफिकेट देता है। स्कूल के संचालक मंडल ने आई सी ए आई की करियर काउंसलिंग टीम का धन्यवाद् दिया और आगे भी इस तरह के कार्यक्रम करते रहने की आवश्यकता बताई । इस अवसर पर सी ए ब्रांच चेयरमैन सी ए कमल वलेचा ने सभी का अभिवादन किया और सभी शाला पदाधिकारियों को सम्म्मानित किया, प्रधानाचार्य ने भी सीए ब्रांच के सदस्यों का सम्मान किया और सभी को धन्यवाद दिया।



# मनीष पटैल बने कांग्रेस बूथ प्रबंधन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

जबलपुर,यशभारत। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सहमति से स्वप्निल कोठारी अध्यक्ष मप्र कांग्रेस बूथ प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा मनीष पटैल खमोंद को जिला जबलपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। विदित हो कि पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से कांग्रेस में बूथ प्रबंधन प्रकोष्ठ का गठन किया जा रहा है। मनीष पटैल के अध्यक्ष बनने पर संजय यादव विधायक, डॉ. नीलेश जैन, नीलेश अवस्थी, नित्यरंजन खंपरिया, सन्मती सैनी, नन्हे लाल धुर्वे, कौशल्या गोंटिया सहित अन्य ने बधाईयां दीं हैं।

# पदक विजेता खिलाड़ियों से राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

जबलपुर, यशभारत। संचालनालय, खेल और युवा कल्याण, म.प्र. द्वारा 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च, 2023 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2023 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे ने बताया कि अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को राशि रू. 10,000/-, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को राशि रू. 8,000/- एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को राशि रू. 6,000/- खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है।वर्ष 2023 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन दिनांक 31 मई, 2023 तक स्वीकार किए जा सकेंगे। खेलवृत्ति हेतु आवेदन सम्बन्धित जिले के कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी से प्राप्त कर सकते है। दिनांक 31 मई, 2023 के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।खेलवृत्ति हेतु निर्धारित दिशा-निर्देश व नियमावली विभागीय वेबसाईट 222.dsywmp.gov.in पर उपलब्ध है।

## न्यूज ब्रीफ



# भारतीय ईसाई मंच की बैठक आयोजित

जबलपुर, यशभारत। भारतीय ईसाई मंच की बैठक गत दिवस कैरव्ज में सम्पन्न हुई जिसमें राष्ट्रीय प्रभारी सैम्युएल मसीह ने बताया की भारतीय ईसाई मंच के दो प्रमुख उद्देश्य सताव के समय मसीह सेवकों की मदद करना व सरकारी योजनाओं को प्रत्येक मसीह तक पहुंचाना व लोगों को सरकार से जोड़ना इस अवसर पर बिशप आशावान रेव्ह. मलर सेलवन,जोसफ हूकिन्स, रेव्ह. अमर ,रेव्ह.विजेन्द्र अहिरवार,साधना स्टील ,मध्यप्रदेश प्रभारी देवाशीष पंडया व मध्यप्रदेश सहसंयोजक रेव्ह.अभिषेक मनस सैम्युअल व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एशियन एक्सिलेंस अवार्ड

# सिंगापुर में 25 देशों के प्रतिनिधियों को डॉ अनुराग सोनी करेंगे प्रेरित



**जबलपुर, यशभारत।** सिंगापुर में आयोजित एशियन एक्सिलेंस अवार्ड 2023 में विश्व के पच्चीस देशों के प्रतिनिधि एवं विशिष्ट गणमान्य जन भाग लेने जा रहे हैं । 25 देशों के श्रेष्ठ विभूतियों को एशियन एक्सिलेंस अवार्ड दिया जा रहा है । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय लेखक एवं प्रेरक डॉक्टर अनुराग सोनी को बुलाया जा रहा है । वह इस कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े एजुकेशनल लीडर एवं विभूतियों को सम्मानित करेंगे एवं 45 मिनट का प्रेरणादायी उद्बोधन भी देंगे । जीवन जीने की कला एवं जीवन में सफल होने के मूल मंत्र से सभी को प्रेरित करेंगे । जन्म जीत के लिए विषय पर यह प्रेरणादायी उद्बोधन होगा ।सर्वविदित है कि पूर्व में भी श्री अनुराग सोनी अमेरिका इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया फिनलैंड श्रीलंका एवं अन्य देशों में प्रेरणादायी भाषण दे चुके हैं । इस कार्यक्रम में न्यू एजुकेशन पॉलिसी एवं ई लर्निंग विषय पर भी चर्चा होगी शिक्षा के क्षेत्र में नए इनोवेशन के बारे में 25 देशों के शिक्षाविद संवाद करेंगे ।

# 1 मई को आर्मी बेस वर्कशॉप में अमर शहीदों को दी जाएगी सलामी

जबलपुर,यशभारत। 506 आर्मी बेस वर्कशॉप जबलपुर में मई दिवस की 137वीं वर्षगांठ पर 1 मई सोमवार को सुबह 8 बजे से अमर शहीदों को सलामी देने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संगठन के अध्यक्ष भारत कुमार बेरिया ने बताया कि मई दिवस के दिन वर्ष 1886 के अमर मजदूर शहीदों को श्रृद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

# डॉ. कादम्बिनी मिश्रा को अमर साहित्य रत्न पुरस्कार



जबलपुर,यशभारत। शासकीय मो.ह.गृ. एवं विज्ञान कॉलेज की डॉ. कादम्बिनी मिश्रा, हिंदी विभाग को हिन्दी प्रचारिणी सभा द्वारा 2023 का समाजसेवी सम्मान प्रदान किया गया है। हिन्दी पत्रिका वामा में प्रकाशित कविता संग्रह स्मार्ट वॉच के लिए बीएमबी पब्लिशर द्वारा इन्हें अमर साहित्य रत्न से भी सम्मानित किया गया है।

# एक मई से प्रारंभ होंगे 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर समेत समूचे मध्यप्रदेश में इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जायेगा। सभी ज़िला और विकासखंड स्तर पर एक मई से 15 जून तक 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर होंगे। विकासखंड मुख्यालय में कम से कम 2 खेल, लघु जिला मुख्यालय पर 4 खेल, बड़े जिला मुख्यालय पर 8 खेल तथा संभागीय मुख्यालय पर 15 खेलों के प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे। शालेय बच्चों की परीक्षाएँ ख़त्म हो गई हैं। नए सत्र की शुरुआत भी हो गई है। जल्द ही फिर से छुट्टियाँ लग जायेंगी।

# कर्मचारी चयन मण्डल की सभी परीक्षाओं का एक बार ही लिया जाएगा परीक्षा शुल्क

**(राज्य शासन द्वारा आदेश जारी)**

**जबलपुर, यशभारत।** राज्य शासन ने कर्मचारी चयन मण्डल के माध्यम से होने वाली सभी परीक्षाओं में वन टाइम परीक्षा शुल्क लेने और रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रदान करने का आदेश जारी किया है, जो आगामी एक वर्ष तक लागू रहेगा। अब मण्डल की समस्त परीक्षाओं में उम्मीदवार से एक बार ही परीक्षा शुल्क लिया जाएगा। आवेदक को मात्र एक बार प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद पहली परीक्षा में आवेदन भरने पर निर्धारित परीक्षा और पोर्टल शुल्क देना होगा। आवेदक को इसके बाद कर्मचारी चयन मण्डल की किसी भी अन्य परीक्षा में आवेदन भरते समय परीक्षा शुल्क नहीं देना होगा। आवेदन भरते समय एम.पी. ऑनलाइन का निर्धारित पोर्टल शुल्क यथावत देना होगा।

## श्री कौशल जायसवाल का निधन



जबलपुर, यशभारत। साईं कॉलोनी, संजीवनी नगर, जबलपुर निवासी कौशल जायसवाल (मामा) का अकस्मात हृदयाघात से निधन हो गया है। आप श्रीमती मीना जायसवाल के पति, विंग कमांडर अभिषेक व इंडियन इलाहाबाद बैंक की प्रबंधक अन्विता जायसवाल के पिता थे। इनकी अंतिम यात्रा निज निवास से रानीताल मुक्तिधाम पहुंची जहां अंतिम संस्कार किया गया।

स्मिता गृह उद्योग
आप हमारे नये परिसर से सालभर रखने योग्य सभी प्रकार के मसाले (हल्दी, मिर्च, धनिया) आदि
नये पार्सल में पांच नये मसाले, अचार मसाला
पता: विजय नगर अहिंसा चौक, चौपाटी के सामने जबलपुर
(मो) 9425323934, 0761-2643638
रानीताल गढ़ाफाटक रोड शिवानी कॉम्पलेक्स जबलपुर (मो) 9425153638, 0761-2312695

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

INDIA'S BIGGEST CONSUMER & HANDLOOM EXHIBITION
SOCIAL MEDIA PARTNER HAMARA Jabalpur
Gurleen MEGA TRADE FAIR
2 से 30 अप्रैल
TIMINGS: 4PM - 10PM
For More Info: 92155-56345 81031-02769
पोली पाथर सर्कस ग्राउंड, साउथ एवेन्यू मॉल के पास, गोरीघाट रोड जबलपुर (म.प्र.)

तांडव
गठियावात
कमर दर्द
जोड़ो का दर्द
सूजन
मासपेशीयों का दर्द
दर्द का जानी दुश्मन
तांडव तेल
सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी
TANDAV HERBAL PHARMACY Customer Care : +91 7974979179

एडमीशन ओपन
A name of Quality Education
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
अधारताल/गोहलपुर जबलपुर
चुने यही स्कूल क्योंकि यहां से
- अधिकतम छात्र IIT/NEET/ICAR में सलेक्ट होते हैं।
- अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, लैब, कम्प्यूटर लैब
- प्रतिवर्ष बोर्ड कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम
- 10th/12th में परसेंट बढ़ाने CBSE/ICSE से एम.पी. बोर्ड में एडमीशन पर स्पेशल डिस्काउन्ट
इसी माह की पेपर कटिंग लाने पर स्पेशल डिस्काउंट
हॉस्टल एवं बस सुविधा उपलब्ध
30 अप्रैल तक Admission लेने पर वाहन सुविधा फ्री
लिमिटेड सीट
Mrs. Sonal Tiwari (Principal)
गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पास अधारताल, मो. 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक जबलपुर मो. 9111009016, 0761-4111321

AMOI THAI SPA
(ALL TYPES OF BODY MASSAGES)
CONTACT- 0761-4106211(M.) 9893051927
ADD- 2ND FLOOR, OPSSITE SAMDARIYA INN HOTAL, JAIN TOWER RASSEL CHOWK, NAPIER TOWN JBP (MP)

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

**रांझी मोहनिया रोड सुभाष नगर के हालात दयनीय**

# नालियां चोक, जर्जर सड़कों पर भर रहा गंदा पानी

**जबलपुर,यशभारत। रांझी मोहनिया रोड सुभाष नगर झंडा चौक के रहवासी इन दिनों क्षेत्र की जर्जर सड़क और बिना बरसात के सड़कों पर भर रहे गंदे पानी की समस्या से खासा परेशान हो रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि उन लोगों के द्वारा क्षेत्रीय विधायक और पार्षद को समस्या से अवगत कराया जा चुका है लेकिन फिर भी आज तक उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है।**



## निगम प्रशासन और पार्षद नहीं सुन रहे

आलम है कि क्षेत्र में रहने वाले स्कूली बच्चे पैदल जब सड़क से गुजरते हैं तो उनकी ड्रेस गंदे पानी में गंदी हो रही है। सड़क से कोई भारी वाहन गुजरता है तो उसके टायर से उचटा सड़क पर फैला गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। क्षेत्र में डेंगू का भी स्थानीय रहवासियों को अब डर सताने लगा नए वार्ड बने लाला लाजपतराय वार्ड के अनिल गुप्ता ने बताया कि कंचनपुर कॉलोनी अंतर्गत मोहनिया रोड सुभाष नगर की जर्जर सड़क में गंदा पानी भरा पड़ा है जिसकी निकासी की कोई व्यवस्था निगम प्रशासन द्वारा नहीं की गई है। स्थानीय महिलाओं ने तो यह बताया कि उनके द्वारा नगर निगम की हैल्पलाइन में भी शिकायत की गई लेकिन आज तक उन लोगों की किसी ने नहीं सुनी। उनके क्षेत्र की नालियां चोक है जिसके कारण सड़क पर गंदा पानी भर रहा है। जर्जर सड़क है जिससे आए-दिन लोगों के वाहन स्लिप होकर गिर रहे हैं। स्थानीय रहवासियों ने निगम प्रशासन से मांग की है कि उनके क्षेत्र की सड़कों में भरे पानी की निकासी जल्द की जाए और क्षेत्र की सड़कों को बनवाया जाए।





–हम लोग अपने दोस्तों के साथ पैदल सड़क किनारे से होते स्कूल जाते हैं तो कई बार गंदे पानी के उपर से निकले वाहनों के कारण स्कूल की ड्रेस खराब हो जाती है।

**–रूद्र अभिषेक स्वामी, स्थानीय नागरिक।**



–क्षेत्र में गंदे पानी की निकासी की जिम्मेदारों द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई है। हम लोग गंदे पानी की समस्या से पिछले कई महीनों से जूझ रहे हैं।

**–राजेश कुशवाहा, स्थानीय नागरिक।**



– हमारे यहां नालियां चोक है जिस कारण नालियों का गंदा पानी सड़कों पर भर रहा है। जर्जर सड़क है जिसका निर्माण कई महीनों से नहीं हुआ है इन सबकी ओर किसी जिम्मेदार का ध्यान नहीं जा रहा है।

**–संतोष कुशवाहा,स्थानीय नागरिक।**

# राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री का डुमना विमानतल पर आत्मीय स्वागत



जबलपुर यशभारत। राज्यपाल मंगुभाई पटैल एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आज सुबह डुमना विमानतल पहुँचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। राज्यपाल श्री पटैल एवं मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रातः 9.35 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा डुमना एयरपोर्ट पहुँचे थे। थोड़ी देर डुमना में रुकने के बाद उन्होंने हेलीकॉप्टर से रीवा के लिए प्रस्थान किया।खजुराहो सांसद वी डी शर्मा भी उनके साथ थे। डुमना विमानतल पर राज्यपाल व मुख्यमंत्री का स्वागत मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गोंटिया, विधायक अशोक रोहाणी, श्री प्रभात साहू, श्री आशीष दुबे, श्री अखिलेश जैन, श्री रिकुंज विज आदि जनप्रतिनिधियों ने किया। इस अवसर पर संभागायुक्त अभय वर्मा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, पुलिस अधीक्षक टी के विद्यार्थी भी विमानतल पर मौजूद थे।

**मास्टर चॉबी से पलक झपकते ही उड़ा लेते थे बाइक, 6 वाहन जब्त**

# कुख्यात बाइक चोर गैंग के 3 गुर्गे गिरफ्तार

## गैंग के अन्य गुर्गों की तलाश जारी



जबलपुर, यशभारत। मदनमहल थाना अंतर्गत पुलिस ने शहर भर में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन ऐसे बाइक चोर गैंग के गुर्गो को दबोचा है, जो मास्टर चाबी से पलक झपकते ही बाइक उड़ाकर रफूचक्कर हो जाते थे। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 6 बाइक भी जब्त की हैं, जो उनके मालिकों के सुपुर्द की जा रही हैं। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक सस्ते दामों में बाइक बेंच रहा है, जिसके बाद बाइक के कागजात नहीं है। शक होने पर पुलिस की मुस्तैद टीम ने बाइक गैंग के गुर्गे सुरेश रैकवार पिता भरत रैकवार 26 साल निवासी लटकारी पड़ाव को दबोच लिया।

### दोस्तों के साथ मिलकर बनाया गैंग

भरत से जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ कि तो आरोपी ने बताया कि वह बेरोजगार है। जिसके बाद उसने रिश्री रैकवार पिता संतोष रैकवार 19 वर्ष निवासी लार्डगंज, वीरेन्द्र मरावी पिता जलताराम मरावी 24 वर्ष कोतवाली के साथ मिलकर चोर गैंग बनाई।

### पहले करते थे रैकी, फिर देते थे वारदात को अंजाम

पुलिस को अरोपियों ने बताया कि वह चोरी करने के लिए भीड़भाड़ वाली जगहें ही अक्सर चुनते थे। ताकि किसी को शक ना हो। इसके पहले वह रैकी करते थे और फिर पूरी योजना बनाकर वारदात को अंजाम देते थे।

### शहर के अनेक क्षेत्रों से उड़ाई बाइक

पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उन्होंने शहर के ओमती, मदनमहल और भेड़ाघाट सहित अनेक थाना क्षेत्रों से बाइक चोरी की है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियें की निशानदेही पर छुपाई हुईं 6 बाइक जब्त कर ली है। फिलहाल पुलिस गैंग के अन्य गुर्गों की भी तलाश कर रही है।

# मौसी के शराबी बेटे को गार्डन से उठाने गया तो घोंप दी चाकू

## साथियों के साथ मिलकर आरोपियों ने दिया वारदात को अंजाम

**जबलपुर, यशभारत।** थाना गोहलपुर अंतर्गत मौसी के शराबी बेटे को गार्डन से उठाना एक युवक को उस वक्त भारी पड़ गया जब नशेड़ी ने दोस्तों के साथ मिलकर पहले तो जमकर गालीगलौच की और फिर धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।



जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि मो. सिराज 23 वर्ष निवासी रेतनाका कंचनपुर रेल्वे क्रासिंग ग्वारीघाट ने बताया कि वह ऑटो चालक है। मौसी के बेटे इरफान मंसूरी ने फोन में बताया कि वह शराब पीकर लेमा गार्डन में है। जिसके बाद वह अपने साथी के साथ गया तो देखा कि इरफान वहीं था जो शराब के नशे में गाली गलौज करने लगा वहीं पास में खडा नावेद निवासी गाजीनगर अपने 2 साथियों के साथ और कहा कि गालियां क्यों दे रहे हो। इसी बात पर तीनों गाली गलोज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो तीनों ने मारपीट कर दी। तभी आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला किया और तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

# कुख्यात बदमाश ने शासकीय जमीन पर कब्जा कर तान लिया मकान

**पुलिस ने किया मामला दर्ज, 30 मामले है दर्ज कार्रवाई करने गई पुलिस तो परिजनों ने मचाया था हंगामा, जांच जारी**

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल के कंचनपुर में कुख्यात बदमाश अन्नू उर्फ अभय कनौजिया ने 33 सौ वर्गफिट शासकीय जमीन पर कब्जा कर मकान तान लिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी और उसके परिजनों के खिलाफ मामला कायम किया है। आरोपी के खिलाफ करीब 30 मामले शहर के अनेक थानों में दर्ज है। दरअसल पुलिस प्रशासन आरोपी का मकान जमीनदोज करने पहुंचा था, लेकिन परिजनें ने विरोध कर भारी बवाल मचाया। जिसके चलते अतिक्रमण दस्ता मकान का केवल गेट ही तोड़ पाया। मामले की जांच जारी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि कंचनपुर निवासी अन्नू उर्फ अभय कनौजिया, पिता अजय कनौजिया और मां के खिलाफ शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर मकान बनाने को लेकर मामला दर्ज किया गया है। आरोपी अन्नू कुख्यात बदमाश है, जिसके खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में अनेक धाराओं में मामले पंजीबद्ध है।

### हुआ था बवाल

पुलिस ने बताया कि पिछले दिनों जब अतिक्रमण विरोधी दस्ता और पुलिस आरोपी का अवैध मकान तोड़ने पहुंची तो परिजनों ने भारी हंगामा मचाया और शासकी कार्य में भी अवरोध किया। जिसके चलते कार्रवाई के दौरान आरोपी के मकान का गेट तोड़ा गया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

**जबलपुर के छबिगृह**
moviemagic #Magically Refreshed
Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan
09:00AM 10:00AM 11:00AM
01:00PM 02:00PM 03:00PM
04:00PM 05:00PM 07:00PM
08:00PM 09:00PM 10:00PM
11:00PM
Shows before 10AM at just ₹100/-
South Avenue Mall
Chengiz (Hindi)
12:00PM 06:00PM
Movie Magic Multiplex App
Book at ZERO convenience fees* Download it free

अमर शहीद स्मृति मेला
• आधुनिक झूले
• खान–पान चौपाटी
• आर्ट और क्राफ्ट स्टॉल
प्रवेश द्वार–रानीताल चौक के सामने वाले गेट से
गोलबाजार मैदान, जबलपुर
प्रतिदिन सायं 5.30 से रात्रि 10.30 तक
आयोजक - महाकोशल शहीद स्मारक ट्रस्ट

# श्री राम कॉलेज द्वारा आयोजित हेकाथान का समापन



**श्री राम कॉलेज और माइक्रोसॉफ्ट का तीन दिवसीय आयोजन**

जबलपुर। श्री राम कॉलेज और माइक्रोसॉफ्ट के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय हेकाथान प्रतियोगिता का आयोजन 21 अप्रैल से 23 अप्रैल 2023 को किया गया है इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से 49 टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता के पहले दिन हेकाफेस्ट का आयोजन किया गया था कार्यक्रम के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों का शॉल एवं पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना की गई। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सार्थक जैन हेड ऑफकम्युनिटी रिस्केल ने बताया कि पूरे देश से लगभग 700 टीमों ने इस हेकाथान में रजिस्टर किया जिसमें से 49 टीमों को फाईनल राउंड के लिये सिलेक्ट किया गया इन टीमों को 30 घंटे का समय दिया गया जिसमें उक्त टीमें अपने आईडिया को वर्किंग आईडिया में बना सके उन्होंने बताया कि इस हेकाथान में दिल्ली, चंडीगढ़, मुम्बई, हैदराबाद आदि मेट्रो की टीमे भी भाग ले रही हैं इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन टीमों को क्रमश: 75000, 50000 एवं 25000 रूपये प्रदान किये गये साथ ही कई अन्य पुरूस्कार एवं प्रमाण पत्र भी दिये गये उन्होंने बताया कि इस हेकाथान में पांच मेंटर्स भी पूरी प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित रहें एवं छात्रों को होने वाली समस्याओं का समाधान कर उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता को जज करने के लिये बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के को-फाउंडर, सीईओ एवं टैक्नालॉजी एक्सपर्ट उपस्थित थे जिसमें रॉकी भाटिया, एयाटेक्ट एडोब, यसस्वी वत्स एबीपी प्रोडक्ट, मार्केट्स जियो ब्रजेन्द्र अहुजा टैक्नालॉजी कंसलटेंट माईक्रोसॉफ्ट एवं रोहित सरदाना को फाउंडर एण्ड सीईओ रिस्किल शामिल है जिन्होंने अपने अनुभव के आधार पर बड़ी बारीकी से प्रतिभागियों के काम को परखा प्रतियोगिता के तीसरे दिन इस का समापन किया गया जिसमें प्रथम पुरूस्कार जीडी गोयनका विश्वविद्यालय, गुड़गांव, द्वितीय पुरूस्कार श्री राम कॉलेज, जबलपुर एवं तृतीय पुरूस्कार भारतीय विध्यापीठ पुणे की टीमों को प्राप्त हुआ साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राहुल पाठक एवं आभार प्रदर्शन का डॉ. अविनाश गौर ने किया इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमेन श्री आर.करसौलिया, डॉ. एल.के.पटेल, डॉ.योगेश मोहन दुबे, डॉ. अविनाश गौर, डॉ. समीर वैध्य सोनाली दास गुप्ता निधी मिश्रा, रिया नैयर, प्रो. परिक्षित वाजपई, प्रो. अविनाश शर्मा के साथ में बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें। वि.वि.

# डॉ. अंबेडकर की जन्म जयंती सेवा पखवाड़े रूप में मना रहा एससी मोर्चा



**नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर हुआ आयोजित**

जबलपुर यशभारत। अनुसूचित जाति मोर्चा जबलपुर महानगर के कार्यालय की जारी विज्ञप्ति में बताया गया की प्रदेश नेतृत्व में वाहन पर मोर्चे के नगर अध्यक्ष शिवा चौधरी के नेतृत्व एवं भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ,पार्षद रेणु कोरी जी , पार्षद प्रतिभा भापकर, मोहन निरंकार, अजय अधिकार मुख्यअत्तित्व में नि:शुल्क स्वास्थ शिविर आयोजित किया हुआ। जिसने जेनेरिक मेडिसिन , एमडी मेडिसिन , नेत्र परीक्षण एवं विक्टोरिया जबलपुर की टीम , डेंटल के डॉ आदि ने अपनी सेवा प्रदान कर नि:शुल्क दवा वितरित की । भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू एवं मोर्चा अध्यक्ष शिवा चौधरी ने बताया कि भारतीय जानता पार्टी एक मात्र ऐसी पार्टी है जो पीड़ित मानवता की सेवा के लिए सदैव तत्पर्य रहती है हमारा लक्ष्य अंतिम पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना का लाभ दिलाना है उन तक पहवाना है निश्चित रूप से आज का शिविर छेत्र की जानता के लिए नील का पत्थर साबित होगा लगभग 200 से ज्यादा परिवार तक इस शिविर का लाभ पोहचा है यह हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है बाबा साहेब के पखवाड़े के निमित शिविर आयोजित हुआ था जिसने कार्यालय मंत्री आशीष चौधरी प्रभारी एवं नीरज मार्वे को सह प्रभारी बनाया था । इस अवसर पर संजय डोमल ,टीटू सोनकर ,शुभम दाहिया ,रामू सोनकर ,राहुल चौधरी अशोक चौधरी ,वर्षा महतो ,जितेंद्र चौधरी ,सोनू दत्त बिट्टू चौतेल , सुमित सूर्यवंशी , पुष्पेन्द्र दाहिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# भारत जोड़ो राहुल-कमलनाथ संदेश यात्रा



जबलपुर, यशभारत। राहुल गांधी की भारत जोड़ा यात्रा संदेश तथा कमलनाथ जी, अध्यक्ष म.प्र.कांग्रेस कमेटी की 15 महीने की सरकार के जनहितैशी कार्यों को जन–जन तक पहुँचाने के लिए राजमणि पटेल सांसद राज्यसभा के निर्देशानुसार म.प्र.कांग्रेस कमेटी पिछड़ा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में म.प्र. में निकाली जा रही है। इसी कड़ी में जनहितैषी संदेश यात्रा निकाली गई जिसमे म.प्र. कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के कार्यकारिणी अध्यक्ष पवन पटेल यह यात्रा लेकर जबलपुर पहुँचे और राहुल एवं कमलनाथ की जनहितैशी कामों को जन जन तक पहुँचाने का काम किया। इस यात्रा का स्वागत शहर कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष पंकज पटेल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित विधायक विनय सक्सेना , अभिषेक यादव.. रिंकू विश्वकर्मा, विनय कछवाहा, ब्रजेश पटेल, देवकी पटेल, दुर्गेश पटेल, आदेश चौबे, संजय सोनी, श्याम सुन्दर सोनी, आशीष बारी, पप्पी सोनी, विनय सोंधि या अंबिका यादव, अन्नू पटेल, अनिकेत तिवारी, अंकित राजपूत, मनोज दुबे, हरी चौबे, राहुल सोनी, सागर भारद्वाज, मुन्ना सेन, अरूण पवार, मोन्टी अग्रवाल, राहुल सोनी, सागर भारद्वाज, हासिम रजा, महेश शर्मा, रिंक शर्मा, सुशील घर, एड. प्रकाश घर, राजेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

**नगर परिषद बरेला**
भूमिपूजन आज
पनागर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय यशस्वी माननीय विधायक श्री सुशील तिवारी जी का आगमन कल बरेला नगर में
नगर परिषद बरेला क्षेत्र में नगर विकाश हेतु कायाकल्प योजना के अंतर्गत 53.80 लाख की लागत से विभिन्न रोडों का भूमि पूजन कार्य माननीय विधायक श्री सुशील तिवारी जी के कर कमलों से संपन्न होने जा रहा है एवं माननीय विधायक जी द्वारा नगर परिषद में नई फायर ब्रिगेड को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में आप समस्त जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक,सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, सादर आमंत्रित हैं।
दिनांक 24/4/2023, दिन सोमवार , समय 11 बजे से
स्थान वार्ड क्रमांक 4 (गाँधी वार्ड) व्यवहारी चौक बरेला

मा. सुशील तिवारी
विधायक – पनागर
- निवेदक -
अध्यक्ष-
प्रतीक दुबे
उपाध्यक्ष-सोनम सोनू सोनकर,
प्रियंका झारिया-
सीएमओ, नगर परिषद बरेला

मा. प्रतीक दुबे
अध्यक्ष – नगर परिषद, बरेला

**त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलौनीगंज, जबलपुर**
Nursery to Class XII (English & Hindi Medium)
विद्यालय की विशेषताएं
● छात्र/छात्राओं के अध्ययन के लिए प्रोजेक्टर प्रत्येक कक्षा में, अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य।
● छात्र/छात्राओं के लिये भौतिक/रसायन/जीव विज्ञान/आईपी कम्प्यूटर प्रयोग शाला, अटल टिंकरिंग लैब।
● छात्र/छात्राओं के लिये कक्षाओं की सुविधा
● विद्यालय द्वारा नेशनल स्तर तक जूडो के खिलाड़ी ने स्वर्ण प्राप्त किये।
● बोर्ड कक्षाओं का शत- प्रतिशत परीक्षाफल।
● खेलकूद में छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति सुविधा 10000/-, 8000/-6000/- प्रतिवर्ष
● अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों हेतु शासन द्वारा छात्रवृत्ति सुविधा।
प्रवेश प्रारंभ 2023-24
प्रातःपाली 7.30 से 12.00 पहली से 12वीं अंग्रेजी माध्यम
दोपहर पाली 12.20 से 5.10 6वीं से 12वीं हिन्दी माध्यम
संपर्क 9009505955,0761-4016415

Trusted G.S.ELECTRONIC
हर रेंज में कूलर ही कूलर
गढ़ा क्षेत्र का विश्वसनीय इलेक्ट्रॉनिक शोरूम
0% ब्याज पर फायनेंस उपलब्ध हैं।
पता- संजीवनी नगर मोड़, कछपुरा ब्रिज, गढ़ा जबलपुर
9098983263, 9301372157

केला चिप्स AK's चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन ड्राई फूड
जनता साईकिल के बाजू में, बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
मो. 7987145201, 9993418910

SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
मेडिकल इमरजेंसी में आपके साथ !!
95758 01020
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर, अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

क्या आप घुटने का दर्द, जोड़ों के दर्द से परेशान है?? क्या आपको जोड़ प्रत्यारोपण की सलाह दी गई है?
हड्डी रोग एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एक्सपर्ट डॉ. विकास सावला
MS ORTHO AHMEDABAD FIJR
+91-9106804465
मिलिए जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. विकास सावला से
शैल्बी हॉस्पिटल, अहमदाबाद के पूर्व विशेषज्ञ
बेस्ट टेक्निक, सफल रिजल्ट्स कुल्हा एवं घुटना रिप्लेसमेंट सर्जन
जबलपुर में मिलने का पता
न्यूनतम चीरा
फास्ट रिकवरी
उपचार चुने, डर नहीं
संजीवनी सुपर स्पेशलिटी क्लिनिक गौमाता चौक, राइट टाउन, जबलपुर +91-9301970385, 8225988303
शैल्बी हॉस्पिटल विजय नगर, जबलपुर 93019 70385

# संपादकीय

## एआई से उथल-पुथल

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की दुनिया में हाल में हुई प्रगति उथल-पुथल मचा दी है। अभी अमेरिका में विकिसत हुए चैटजीपीटी के करिश्माई कार्यों से लोग एडजस्ट भी नहीं कर पाए हैं कि अमेरिकी कंपनी ने माइक्रोसॉफ्ट ने आगाह कर दिया है कि चीन में उसे टक्कर देने वाले ऐप आने वाले हैं। अमेरिका में सामने आई चैटजीपीटी, स्टेबल डिफ्यूजन या आइवा जैसी एआई प्रणालियां लोगों के मनमुताबिक टेक्स्ट लिख डालते हैं, मनमुताबिक छवियां गढ़ देते हैं या संगीत की रचना कर लेते हैं। और ये सब काम चुटकियों में हो जाता है। काम इतना विस्तृत और मुकम्मल होता है कि लोग दांतों तले अंगलियां दबा लेते हैं। विशेषज्ञों ने कहा है कि एआई के आने के बाद वे रचनात्मक सेवाएं अब बड़े पैमाने पर तैयार की जा सकती हैं, जो पहले आला दर्जे के विशेषज्ञ ही मुहैया करा पाते थे। हाल में जर्मन क्रिएटिव इंडस्ट्री से जुड़े 15 संगठनों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विषय पर च्एआई बट फेयरज् नारे के तहत एक पॉलिसी पेपर प्रकाशित किया है। पर्चे में कहा गया है कि कॉपीराइट कानून को अविलंब मजबूत बनाने की जरूरत है, ताकि रचनाशील पेशेवरों को अपनी मेहनत का इनाम मिलता रह सके।दरअसल, अल्गोरिद्म आधारित एआई सिस्टम मुनासिब प्रशिक्षण सामग्री के बिना टेक्स्ट, छवियां या संगीत नहीं तैयार कर सकते हैं। बहरहाल, इस बारे में अब कानून बनाने की मांग भी उठने लगी है। व्यवहारिक तौर पर कमोबेश सभी यही मानते हैं कि कानूनों के बगैर तो एआई के प्रभावों को नियंत्रित करना कठिन है। यूरोपीय आयोग की एक पहल की है, जिसमें स्वचालित निर्णय करने वाली प्रणालियों को रेगुलेट किया जाना है। यूरोपीय संघ के प्रस्ताव में उन हाई-रिस्क एप्लीकेशनों की सूची शामिल है, जिन्हें चालू करने से पहले मंजूरी की जरूरत होगी। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की शिनाख्त के लिए बायोमीट्रिक सिस्टम का रियल-टाइम उपयोग कुछ अपवादों तक सीमित रखना होगा, मसलन आतंकवाद से लड़ाई के लिए। बहरहाल, फिलहाल यही कहा जा सकता है कि एआई से वैसी ही चिंताएं पैदा हुई हैं, जैसा हर नई तकनीक के साथ होता रहा है। अनुभव यही है कि मनुष्य आखिरकार तकनीक का इस्तेमाल करना और उसे नियंत्रित रखना भी सीख लेता है।

# जनसंख्या वृद्धि खुशी के साथ चिंता भी !

भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां दुविधाएं और विरोधाभास प्रगति के समानान्तर चलते हैं।अतएव जनसंख्या बल जहां शक्ति का प्रतीक है, वहीं उपलब्ध संसाधनों पर बोझ भी है।इसलिए अनेक समस्याएं भी सुरसामुख बन खड़ी होती रहती हैं।ये हालात तब और कठिन हो जाते हैं, जब संसाधनों के बटवारे में विसंगति बढ़ती चली जा रही हो। गोया कहा जा सकता है कि बढ़ती आबादी वरदान नहीं बोझ है।नतीजतन च्संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोषज् की रिपोर्ट ने जब ये आंकड़े जारी किए कि भारत की आबादी चीन से अधिक बढ़ गई है, तो चिंता बढ़ना स्वाभाविक है।हालांकि यह संभावना बहुत पहले से जताई जा रही थी कि भारत आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ देगा।वाबजूद कुछ जनसंख्या विशेषज्ञ इस बात को लेकर शंका जता रहे हैं कि यह समय अभी नहीं जून में आना था।परंतु आम आदमी को आंकड़ों की बाजीगरी न तो आसानी से समझ आती है और न ही वह किसी निष्कर्ष पर पहुंच पाता है।अतएव चीन के इस बयान पर गौर करने की जरूरत है कि वह आंकड़े आने के बाद आखिर यह क्यों कह रहा है कि अभी भी उसके पास 90 करोड़ से ज्यादा लोग ऐसे हैं,जो कुशल उत्पादन की क्षमता रखते हैं।याद रहे चीन ने प्रगति की उड़ान और वैश्विक बाजार में वर्चस्व इसी आबादी के बूते पाया है।इसलिए चीन को अब यह चिंता सताने लगी है कि कहीं भारत इस आबादी के बूते अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने में सफल न हो जाए? क्योंकि इस रिपोर्ट के अनुसार भारत के पास 68 प्रतिशत आबादी ऐसे क्रियाशील लोगों की या युवाओं की है, जो उत्पादकता से निरंतर जुड़े रहकर अपने उत्पादों को दुनिया के बाजार में पहुंचाकर अर्थव्यवस्था को शिखर पर पहुंचा सकते हैं। वर्तमान में दुनिया की आबादी 8 अरब की संख्या पहले ही पार कर चुकी है।भारतीय आबादी के ताजा आंकड़ों के अनुसार प्रत्येक पांचवे व्यक्ति में से एक भारतीय है।क्योंकि भारत 142.86 करोड़ जनसंख्या के साथ विश्व का सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन गया है।चीन की आबादी इस समय 142.57 करोड़ है।हमारी आबादी उससे 29 लाख अधिक है।भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देश को जहां यह बड़ी चुनौती है, वहीं उसे वरदान बनाने की जरूरत है। हालांकि जागरूकता और परिवार नियोजन के उपायों के चलते दुनिया में जन्मदर घटी है।हालांकि भारत दुनिया का ऐसा पहला देश है, जिसने आबादी पर नियंत्रण के लिए 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम आरंभ किया था।बावजूद जनसंख्या वृद्धि होती रही है। जनसांख्यिकीय विश्लेषण के निष्कर्ष बताता है कि 1950 के बाद वर्तमान में जन्मदर सबसे कम है। अतएव यहां सवाल उठता है कि फिर आबादी का घनत्व क्यों बढ़ रहा है ? दरअसल चिकित्सा सुविधाओं और एक वर्ग विषेश की माली हैसियत बढ़ने से औसत उम्र बढ़ी है। इस दायरे में आने वाले लोग उत्पादकता से जु? नहीं रहने के बावजूद उच्च श्रेणी का जीवन जी रहे हैं। नतीजतन यह आबादी जापान, चीन और दक्षिण कोरिया की तरह भारत के युवाओं को रोजगार में बाधा बन रही है। भारत में सबसे अधिक बेरोजगारी 15 से 36 आयु वर्ग के युवाओं में है। यदि हम पीपुल्स कमीशन की रिपोर्ट का उल्लेख करें तो 15 से 29 आयु समूह में बेरोजगारों की संख्या 27.8 करोड़ है। हालांकि इसमें अनेक बेरोजगार ऐसे हैं, जिनके पास काम तो है, लेकिन आमदनी का अनुपात सन्तोषजनक नहीं है। भारत के सीमांत राज्यों में विदेशियों की घुसपैठ और कमजोर जाति समूहों का धर्मांतरण भी आबादी का घनत्व बढ़ाने और बिगाड़ते हुए रोजगार के संकट के साथ स्थानीय मूल निवासियों से टकराव के हालात उत्पन्न कर रहा है। इसीलिए जनसंख्या नीति में समानता की बात की जा रही है। अब जबकि हम आबादी में चीन से आगे हैं,तब हमें चीन से यह सबक लेने की जरूरत है कि उसने अपने मानव संसाधन को किस तरह से श्रम और उत्पादकता से जोड़ा और दुनिया के बाजारों को अपने उत्पादों से पाट दिया। क्योंकि चीन में बड़ी आबादी के बावजूद रोजगार का संकट भारत की तरह नहीं गहराया। जाहिर है, चीन की उन्नति और उत्पदकता में इसी आबादी का रचनात्मक योगदान रहा है। सस्ते कुशल एवं अर्द्धकुशल लोगों से उत्पादन कराकर चीन ने अपना माल दुनिया के बाजारों में भर दिया है। जबकि भारत बड़ी कंपनियों को सब्सिडी देने के बावजूद स्वदेशी उत्पादन में आबादी के अनुपात में उल्लेखनीय प्रगति नहीं कर पाया। मेक इन इंडिया के नाम पर हाल ही में दो कंपनियों हीरो इलेक्ट्रिक और ओकीनावा की 370 करोड़ रुपए की सब्सिडी की राशि देने पर भारत सरकार ने रोक लगा दी है। सरकार ने फास्टर एडॉप्सन एंड मैन्यू फैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (फेम)-2 योजना के तहत दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री को प्रोत्साहित करने हेतु 10,000 करोड़ रुपए का बजट तय किया है। भारी उद्योग मंत्रालय की तरफ से प्रत्येक इलेक्ट्रिक वाहन को सब्सिडी दी जाती है। इलेक्ट्रिक स्कूटर पर 15000 रुपए प्रति किलोवाट के हिसाब से सब्सिडी दी जाती है। लेकिन यह सस्सिडी तभी दी जाएगी, जब उत्पादन स्वदेशी के स्तर पर किया जाए। लेकिन सरकार ने जब जांच की तो पाया कि इन कंपनियों ने इन वाहनों में चीन से आयात कल-पुर्जे इस्तेमाल किए हैं। इसी कारण दो पहिया वाहनों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इस धोखाधड़ी के चलते हीरो इलेक्ट्रिक की 220 करोड़ और ओकीनावा की 150 करोड़ रुपए की सब्सिडी रोक दी। इन धोखाधड़ियों के चलते भी भारत स्वदेशीकरण के साथ बेरोजगारी से पार नहीं पा रहा है। यदि हम चीन में ज्ञान-परंपरा से दीक्षित लोगों को रोजगार देने की बात करें तो वहां सरकार या कंपनी द्वारा गांव-गांव कच्चा माल पहुंचाया जाता है। जब वस्तु का निर्माण हो जाता है, तो उस माल को लाने और मौके पर ही भुगतान करने की जबावदेही संस्थागत है। इसका फायदा यह होता है कि ग्रामीण अपने घर में ही वस्तु का उत्पादन कर लेता है। नतीजतन वस्तु की लागत न्यूनतम होती है। यदि यही व्यक्ति शहर में जाकर उत्पदकता से जुड़े तो उसे कमाई की बड़ी राशि रहने, खाने-पीने और यातायात में खर्च करनी पड़ जाती है। भारत में उत्पादन के छोटे-बड़े कारखाने शहरों में हैं। लिहाजा वस्तु की लागत अधिक आती है। चीन में होली, दिवाली और रक्षाबंधन से जुड़ी जो वस्तुएं आयात होती हैं, उनका उत्पादन चीन के गांव में ही होता है। जाहिर है, यदि बड़ी जनसंख्या उत्पादन से जुड़ जाए बेरोजगारी की समस्या से एक हद तक छुटकारा मिल सकता है। युवा समस्या तब बनते हैं, जब उनके हाथों में काम न हो ? जापान और दक्षिण कोरिया में जनसंख्या का घनत्व भारत से ज्यादा है, बावजूद ये देश हमसे अधिक संमृद्ध होने के साथ स्वदेशी प्रौद्योगिकी से उत्पादन और उसके निर्यात में हमसे आगे हैं। अतएव भारत को चीन, जापान और कोरिया से सीख लेने की जरूरत है। यह बात लोगों को रोजगार से जोड़ने की हुई, लेकिन जनसंख्या वृद्धि पर एक नीति बने बिना, बात बनने वाली नहीं है। दो बच्चों की यह नीति सभी धर्म एवं समुदायों के लोगों पर समान रूप से लागू हो। क्योंकि जनसंख्या एक समस्या भी है और एक साधन भी है। लेकिन जिस तरह से देश के सीमांत प्रांतों और कश्मीर में जनसंख्यात्मक घनत्व बिगड़ रहा है, उस संदर्भ में जरूरी हो जाता है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून जल्द वजूद में आए। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ हिंदुओं की आबादी घटने पर कई बार चिंता जता चुका है। साथ ही हिंदुओं को ज्यादा बच्चे पैदा करने की सलाह भी संघ के कार्यवाहक देते रहे हैं। इन बयानों को अब तक हिंदु पक्षधरता के दायरे में समेटने की संकीर्ण मानसिकता जताई जाती है, जबकि इसे व्यापक दायरे में लेने की जरूरत है। कश्मीर, केरल समेत अन्य सीमांत प्रदेशों में बिगड़ते जनसंख्यात्मक अनुपात के दुष्परिणाम कुछ समय से प्रत्यक्ष रूप में देखने में आ रहें हैं।

**प्रमोद भार्गव**

# भूकम्प :कारण एवं बचाव

भूकम्प यानी धरती डोलने के नाममात्र से मानव मस्तिष्क में कंपकंपी छा जाती है । इसमें उन्हें संभलने का मौका नहीं मिलता और पलक झपकते सब कुछ प्रकृति की भेंट चढ़ जाती है । हालांकि यह निर्विवाद सत्य है कि कुछेक अपवादों को छोड़कर भूकंप से लोगों की मौत नहीं होती । मौत होती है असुरक्षित निर्माण की वजह से ।

भूकम्प के लिए पृथ्वी की भौगोलिक संरचना, विविधताएं एवं आंतरिक हलचल जिम्मेवार है । पूरी धरती 12 बड़े टैक्टोनिक प्लेटों पर स्थित है । ये हैं - भारतीय प्लेट, यूरेशियाई प्लेट, भारतीय- ऑस्ट्रेलियाई प्लेट, फिलीपिंस प्लेट, अंटाकर्टिक प्लेट, अफ्रिकी प्लेट, अरेबियन प्लेट, दक्षिण अमेरिकी प्लेट, उत्तरी अमेरिकी प्लेट, कैरेबियन प्लेट और पेसिफिक प्लेट । ये प्लेटें अपने नीचे स्थित तरल पदार्थ लावा पर तैर रही हैं । ये प्लेटें धीरे-धीरे घुमती रहती हैं और हर साल अपने स्थान से लगभग 4-5 से0मी0 खिसक जाती हैं । कभी कोई प्लेट किसी प्लेट के निकट आती है तो कोई प्लेट किसी से दूर चली जाती है । कभी-कभी ये आपस में टकरा जाती हैं । जहां एक प्लेट दूसरी प्लेट की बाउन्डरी से टकराती हैं तो फॉल्ट उत्पन्न होते हैं जिससे धरती के नीचे की ऊर्जा बाहर निकलती है और भूकम्प आता है ।

भारतीय प्लेट हिमालय पर्वत से लेकर अंटाकर्टिक तक फैली हुई है । यह पाकिस्तान सीमा को छुती भर है । यह हिमालय के दक्षिण में है जबकि यूरेशियाई प्लेट (जिनमें चीन आदि देश आते हैं) हिमालय के उत्तर में हैं । भारतीय प्लेट उत्तर-पूर्व दिशा में हरेक साल 4.7 सेमी की गति से ऊपर की ओर बढ़ रही है जबकि यूरेशियन प्लेट उतर की तरफ 2 सेमी की गति से बढ़ रही है । ऐसे में यहां दोनों प्लेटों की टक्कर से भूकंप आने की संभावना बनी रहती है । भूकंप का केन्द्र वह स्थान होता है जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती हैं । इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है और झटका तेज । कंपन का दायरा जैसे-जैसे दूर होता जाता है उसका प्रभाव भी घटते जाता है । भूकंप की तीव्रता इस बात पर निर्भर करती है कि भूकंपकीय आवृति ऊपर की तरफ है या दायरे में । कंपन की आवृति ऊपर की तरफ होने की स्थिति में कम क्षेत्र प्रभावित होते हैं । भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर मापी जाती है । भूकंप के दौरान धरती के अंदर से जो ऊर्जा निकलती है उसकी तीव्रता को इससे मापा जाता है । रिक्टर पैमाने पर 5 से कम तीव्रता वाले भूकंपों को हल्का माना जाता है । हालांकि यह क्षेत्र की संरचना पर भी निर्भर करता है । यदि भूकंप का केन्द्र नदी का तट हो और वहां बिना भूकंपरोधी तकनीक के ऊँची इमारतें खड़ी हों, तो 5 की तीव्रता वाला भूकंप भी खतरनाक हो सकता है । 2 या इससे कम तीव्रता वाले भूकंपों को रिकॉर्ड करना मुश्किल है । इन्हें महसूस नहीं किया जाता । 5-5.9 की तीव्रता वाले भूकम्प को मध्यम तथा 6 से अधिक की तीव्रता वाले भूकंपों को घातक माना जाता है ।

तीव्रता के आधार पर ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैन्डर्डस् द्वारा (आई0 एस0 कोड 1893-2002) भारतवर्ष में भूकंप के पांच जोन बनाये गये हैं, जिनमें से अध्ययनों के आधार पर वर्तमान में चार मान्य हैं क्योंकि जोन-1 का जोन-2 में विलय कर दिया गया है । सिस्मिक जोन-5 को सबसे अधिक सक्रिय यानी खतरनाक तथा जोन-2 को सबसे कम सक्रिय यानी सुरक्षित माना गया है । जोन-2 में 4 मैग्नीट्यूड से कम, जोन-3 में 5, जोन-4 में 7 तथा जोन-5 में 8 मैगनीट्यूड से अधिक तीव्रता होती है । जोन-5 में पूरा उतरी-पूर्वी राज्य, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्से, हिमाचल, उत्तराखंड, कच्छ का रण, बिहार के कुछ हिस्से, एवं अंडमान-निकोबार, जोन-4 में जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्से, लदाख, हिमाचल, दिल्ली, उत्तरी पंजाब, उत्तरी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात व महाराष्ट्र के कुछ हिस्से, एवं पश्चिम राजस्थान, जोन-3 में केरल, लक्षद्वीप, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से, गुजरात, बंगाल के कुछ हिस्से, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, कर्णाटक, तथा जोन-2 में देश के शेष हिस्से और दक्षिण भारत का बड़ा भू-भाग आता है । सम्पूर्ण हिमालयी रेंज भूकंप की अति तीव्रता वाले दायरे में आते हैं । सन् 1897 में शिलौंग (8.7 रिक्टर स्केल), 1905 में कांग?ा (8.0 रिक्टर स्केल), 1934 में बिहार-नेपाल (8.3 रिक्टर स्केल), व 1950 में असम-तिब्बत (8.6 रिक्टर स्केल) में ब? भूकंप के झटके आये थे ।

भूकंप के प्रकोप से बचने हेतु आपदा प्रबंधन की व्यवस्था एवं तैयारी पुख्ता होनी चाहिए । यह अनुभव सिद्ध है कि असुरक्षित एवं कमजोर संरचनाओं के कारण अधिकांश जान-माल की क्षति होती है । इसलिए सम्पूर्ण देश, विशेषकर मैदानी-पहा?ी क्षेत्रों में भूकंपरोधी तकनीक पर भवन निर्माण हेतु कानून बनाने और कड़ाई से लागू करने की सख्त जरूरत है । नये मकानों को भूकंपरोधी बनाने में लगभग 6-7 प्रतिशत अधिक व्यय होती है वहीं पुराने मकानों को भूकंपरोधी बनाने में लगभग 12-15 प्रतिशत अतिरिक्त लागत आती है ।

अधिकांश राज्य सरकारों के आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा इस दिशा में जनमानस में जागृति लाने का प्रयास भी किया गया है । आई एस कोड प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक जोन फैक्टर निर्दिष्ट करता है, जिसका उपयोग इंजीनियरों के द्वारा संरचनाओं के भूकंपरोधी डिजायन के लिए किया जाता है । भूकंप से बचाव हेतु ईंट जोड़ाई वाले भवन निर्माण में कुछ बुनियादी प्रावधानों का ध्यान रखना चाहिए ।

एक ईंट मोटी जो?ई वाले दीवार पर आधारित भवन तीन मंजिल तक हीं हों । क्षैतिज आर0सी0सी0 बैंड एक महत्वपूर्ण भूकम्परोधी विशेषता है, जो बक्से के चारों ओर बंधी एक बेल्ट की भांति भवन की सभी दीवारों को एक इकाई के रूप में जोडने का कार्य करती है । लिंटल स्तर पर बैंड एवं कुर्सी स्तर पर बैंड हरेक भवन में आवश्यक है । गेबल बैंड एक या दो तरफ ढलान वाले भवनों में जरूरी है । सपाट आर0सी0 छत वाली भवन में रूफ बैंड आवश्यक नहीं है, क्योंकि रूफ स्लैब स्वयं हीं बैंड की निभाती है । भारतीय मानक आई एस 4326-1993 एवं आई एस 13828-1993 बैंड के आकार एवं विवरण उपलब्ध हैं।

भूकंप जोन-5 में खिड़कियों के सिल्ल पर भी बैंड बनाने चाहिए तथा 600 मिमी से बड़े दरवाजों एवं खिड़कियों में दोनों तरफ कांक्रीट में खड़े स्टील छड़ आवश्यक हैं । यह भूकंप के दौरान दीवार में दरार बनने से रोकती है ।

भूकंप जोन-3 को छोड़कर सभी क्षेत्रों में बनने वाले भवनों में सभी कमरों के कोनों पर कंक्रीट के अंदर टॉर स्टील के छड़ खड़ी करनी चाहिए । कंक्रीट डालने के लिए ईंट जोड़ाई में खाली पॉकेट बनाना चाहिए । ये खड़े छड़ नींव से प्रारम्भ होकर, सभी आर0सी0सी0 बैंड होकर, अंतिम छत की ढलान के अंदर 300 मिलीमीटर मुड़ जानी चाहिए । पूरी ऊँचाई तक जाने में यदि छड़ों को जोड़ना हो तो छड़ की व्यास के 50 गुणा लम्बाई तक छड़ एक-दूसरे पर चढ़ाकर तार से बांधना चाहिए । एक मीटर से बड़े द्वारों के दोनों तरफ भी, कांक्रीट में खड़े स्टील छड़ आवश्यक हैं।

**- ई0 प्रभात किशोर**

# आपका राशिफल 24 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-6-8-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-7-8-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे। शुभांक-4-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-3-6-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंग। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य पूर्ण होंग। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान रहेगा। शुभांक-3-5-7

## फिल्म वर्ग पहेली- 6144



**ऊपर से नीचे:-**

१. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
२. बॉबी देओल, रानी की 'मिलने से डरता है दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'गुड मार्निंग इंडिया' गीत वाली फिल्म-२
४. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
६. 'दिल में छुपा के प्यार का' गीतवाली फिल्म-२
७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
८. देव आनंद, माला सिन्हा की 'जारे जारे उड़ जारे पंछी' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१२. अजय, मास्टर सत्यजीत, अलका की 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'चोरों को सारे नजर' गीत वाली फिल्म-२,३
१६. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की 'ये सर्द आहें मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आज उनसे पहली मुलाकात होगी' गीत वाली राकेश रोशन, हेमा की फिल्म-३,२
१८. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई सजना' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'तुम्हे जिंदगी के उजाले मुबारक' गीत वाली धर्मेंद्र, मीना कुमारी की फिल्म-३
२३. प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२७. 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम?-२
३०. अमिताभ वाली संजय लीला की फिल्म जिसमें रानी मुखर्जी मूक-बधिर बनी है-२

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की फिल्म-४
४. बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
६. अशोककुमार, संजीवकुमार, सुमिता सान्याल की फिल्म-४
७. फिल्म 'चाँद का टुकड़ा' में श्रीदेवी के साथ नायक कौन था-४
९. अयूब खान, आयशा जुल्का की 'ओ सरफि री ओ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'अंख लड़ती है तो लड़ने दे' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा रवीना की फिल्म-२
१२. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी की 'अपनी चाहतों पे' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'एरी रे एरी क्या है पहेली' गीत वाली ऋतिक, जैकी, करीना की फिल्म-२
२०. अक्षय, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख के' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का निर्माता निर्देशक, नायक कौन था-३
२४. सुनीलदत्त, वहीदा, आशा पारेख की 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'चप्पा चप्पा चरखा' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३
२६. 'मिलती है जिंदगी में' गीत वाली फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'राजाजी' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
३१. अमिताभ, शशि, स्मिता की 'आज रपट जायें तो' गीत वाली फिल्म-३,३

**फिल्म वर्ग पहेली- 6143**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6657

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6656 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# खुशहाली के अलग-अलग मायने

बहुत से लोगों का मानना है कि राष्ट्र की सफलता लोगों की खुशी से आंकी जानी चाहिए किंतु प्रश्न यह उठता है कि स्थानीय आधार पर प्रत्येक के लिए खुशहाली की परिभाषा क्या होगी? मसलन हमारे देश में लोगों के लिए खुशहाली से अभिप्राय: रोटी-कपड़ा-मकान के अलावा अच्छा बैंक बैलेंस, उपयुक्त जीवन-साथी, बंगला-गाड़ी, हवाई यात्राएं आदि हैं, वहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खुशहाली आकलन प्रतिव्यक्ति आय तथा जीवन स्तर के साथ उसकी गरिमा, पर्यावरण, जीवन प्रत्याशा, स्वतंत्रता तथा रोज़गार गारंटी के आधार पर किया जाता है।

भले ही विचारगत भिन्नता के चलते यूएन का मापदंड जरा दोषपूर्ण क़रार दिया जाए किंतु अपने देश में खुशहाली की वस्तुस्थिति का जायज़ा लेना भी अनिवार्य है। जहां भारत के दो दर्जन से अधिक राज्यों की तुलनात्मक जनसंख्या फ़िनलैंड से अधिक है, वहीं यह भी कि नागरिकों को खुशहाल बनाने में व्यवस्थात्मक-प्रबन्धन की निर्णायक भूमिका रहती है। खुशहाल देशों की एक संयुक्त विशेषता, व्यवस्थाओं का सशक्त एवं जनहितकारी होना है । इस दृष्टि से भारत की स्थिति बेहतर नहीं आंकी जाएगी। अव्यवस्था व समस्याएं विकास की ओर बढ़ते भारत को खुशहाली में पछाड़ने के मुख्य कारण हैं। वास्तव में, खुशहाली जीवंतता का पर्याय है जो किसी राष्ट्र की सरकारों द्वारा किए जा रहे जनहितकारी कार्यों के माध्यम से झलकती है; नागरिकों के सकारात्मक सोच-व्यवहार से छलकती है। गत वर्षीय 136वें स्थान की अपेक्षा भले ही हम मौजूदा स्थिति को उपलब्धि मानें किंतु मत भूलें कि तब यह खुशहाली मूल्यांकन मुक़ाबला 146 देशों में था। जैसे कि फ्रैंक मार्टेला कहते हैं, सफल दिखने पर कम और जो आपको खुश करता है उस पर अधिक ध्यान दें।


यश भारत

क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)

• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •

1 माह Rs.1800/- | 15 दिन Rs.1200/- | 7 दिन Rs.500/- | 3 दिन Rs.250/- | 1 दिन Rs.150/-

व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ

भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन

बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9522920552, 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

# क्लासीफाइड

**बेचना है**

बरगी और बरगी बांध के बीच में सहजपुरी गांव में मेनरोड से लगी 18000 हजार फुट प्लाट डायवर्सन किया हुआ ढावा, होटल, वियर हाउस, पेंट्रोलपंप के लिए उपयुक्त। सामने आसपास मकान बने हैं। प्लेन जमीन 250 रुपए फुट।

संपर्क : 9399852725

(22 अप्रैल)

**बेचना है**

विजयनगर अहिंसा चौक की चाय साय बार की फ्रैन्चाइजी सामान सहित जिसमें डीप फ्रीजर,काफी मशीन, टोस्टर, फ्रायर, स्टूल, एस.बीआर कैमरा और फर्नीचर इत्यादि देना है।

संपर्क : 8085720560, 94254, 12908

(3 मई)

**क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक**

डॉ. शंकर हबलानी बी.डी.एस. (इंदौर)
विशेषताएं -रूट कैनाल ट्रीटमेंट, फिक्स दांत , बत्तीसी , दांतों की सफाई , टेढ़े मेढ़े दांतों एवं पायरिया इलाज ।
पता- रेनबो कलर लैब के सामनेसतना बिल्डिंग जबलपुर मो.
9340734722, 9300049344
23 अप्रैल


## शब्द पहेली - 7704



**बाएँ से दाएँ**

1. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
3. ध्वज, झंडा-3
5. माहिर, होशियार-2
6. बेल, लतिका-2
8. अस्वीकृत करना-4
11. अदृश्य-3
13. फटकार, धिक्कार-3
14. अधर, होंठ-2
15. सलाह, सुझाव-2
16. आश्रय-3
18. अनुमान, अंदाज-3
20. आलसा, माहुर-4
23. नासिका-2
25. रहस्य-2
26. रेखा, लाइन्-3
27. परिमूल्य-3

**ऊपर से नीचे**

1. लाख, सौ हजार-2
2. बारीक, सूक्ष्म-3
3. तीन घंटे का समय-3
4. समय, वक्त-2
5. कोतवाल-3
7. बल, ज़ोर, दम-3
9. श्रवणेंद्रिय-2
10. जो लायक न हो-4
12. कृष्ण के बड़े भाई-4
16. दर्पण, शीशा-3
17. नौका -2
19. आसान, सरल-3
21. उपस्थित-3
22. रस से भरा-3
24. बीता हुआ दिन-2
25. रजनी, निशा-2

**शब्द पहेली -7703 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में ग्वालियर-चम्बल की रणनीति बना रहे कमलनाथ

## फूलसिंह को सौंपी मुरैना, भिंड और श्योपुर की बागडोर

**ग्वालियर एजेंसी।** कमलनाथ और कांग्रेस दोनों को यह बात भली-भांति पता है कि अगर प्रदेश में 2018 की तरह फिर से अपनी सरकार बनाना है तो ग्वालियर-चम्बल अंचल में भी अपना पुराना प्रदर्शन दोहराना होगा। इस बार कांग्रेस के साथ ज्योतिरादित्य नहीं है, इसलिए कमलनाथ इस बार जीत का रास्ता 2018 में हुए दलित स्वर्ण संघर्ष से निकालने की रणनीति पर काम कर रहे है। वे एक तरफ दलितों को बीजेपी में न लौटने देने की रणनीति पर काम कर रहे है। वहीं, 80 के दशक के बाद उपेक्षित पड़े स्व. अर्जुन सिंह के समर्थकों की विरासत को टटोलकर फिर कांग्रेस में सक्रिय करने की योजना भी बना रहे हैं। जिलों में पार्टी की जिम्मेदारी देते समय इसी फार्मूले को अपनाया गया है।



### राहुल भैया और बरैया का कॉम्बिनेशन

हाल ही में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने अपनी पार्टी के सभी प्रमुख वरिष्ठ नेताओं को आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर जिलों का एलॉटमेन्ट किया है। इसमें सभी नेताओं को सक्रिय करने के पीछे खास रणनीति के तहत ही जिलों का एलॉट किया गया है। ग्वालियर-चम्बल को खासकर सिंधिया के प्रभाव वाले जिलों को दो भागों में बांटा गया है। इनमें से आधे जिले दलित नेता फूल सिंह बरैया को तो आधे वरिष्ठ नेता अजय सिंह राहुल भैया को सौंपा गया है। कांग्रेस के सूत्र इसके पीछे खास रणनीति बता रहे है।

### दलित स्वर्ण संघर्ष ने बिगाड़ी सामाजिक समरसता

ग्वालियर चम्बल अंचल में 2 अप्रैल 18 को इतिहास का सबसे खतरनाक जातीय संघर्ष हुआ था, जिसमें आधा दर्जन लोग मारे गए थे। वहीं, दर्जनों घायल हुए थे। ग्वालियर सहित संभाग के अनेक थाना क्षेत्रों में बेकाबू हालातों के चलते कर्फ्यू भी लगाना पड़ा था और निषेधाज्ञा भी जारी करनी पड़ी थी। इसके बाद व्यापक पैमाने पर हुई पुलिस कार्रवाई होने से भी आग में घी का काम हुआ था। इसके चलते एक तरफ जहां दलित बीजेपी से छिटककर दूर चले गए और उन्होंने बीएसपी को भी वोट न देकर एकजुट होकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था। वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दलितों के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए दिया गया, कोई माई का लाल आरक्षण खत्म नहीं कर सकता, भाषण पार्टी के गले पड़ गया था। नतीजा यह निकला था कि अंचल में बीजेपी साफ हो गई थी। संभाग की 34 में 28 सीट कांग्रेस जीत गई थी। बिगड़े सामाजिक समरसता का साया अभी भी अंचल की सियासी आबोहवा में हैं।

### दलितों के लिए बरैया की तैनाती

कमलनाथ ने जिलों में प्रभारियों के नाम की जो सूची जारी की उसे देख पहले तो लोग चौंक पड़े। क्योंकि इसमें मुरैना, भिण्ड और श्योपुर जिलों का प्रभार फूल सिंह बरैया को सौंपा है। बरैया की यह नियुक्ति चौकाने वाली है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषक इसे बहुत दूर की कौड़ी मानकर चल रहे हैं। इसकी जड़ 2018 में अंचल में हुए जातीय संघर्ष में हैं। इसके बाद दलितों का थोकबंद वोट बीजेपी से छिटककर कांग्रेस की झोली में आ गया। उसने अपनी बीएसपी से प्रतिबद्धता का भी ख्याल नहीं किया। इसके चलते बीजेपी आरक्षित सात में से छह सीटें तो हारी ही बाकी सामान्य सीटें भी जाती रही।

अवैध खनन किया तो FIR होगी

# बोरिंग मशीन के लिए भी एंट्री नहीं कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**भोपाल यशभारत। कलेक्टर आशीष सिंह ने भोपाल जिले में ट्यूबवेल (नलकूप/बोरिंग) खनन पर रोक लगा दी है। इसे लेकर शनिवार को आदेश जारी कर दिए। अब यदि किसी ने अवैध तरीके से खनन किया तो एफआईआर दर्ज की जाएगी। एसडीएम की बिना अनुमति के बोरिंग मशीन की एंट्री भी शहर या जिले में नहीं हो सकेगी।**

गर्मी के चलते भू-जलस्तर में गिरावट हो रही है। इसके चलते पीएचई ने कलेक्टर को रिपोर्ट दी थी और फिर यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं।कलेक्टर सिंह ने मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम-1986 एवं संशोधन अधिनियम 2002 की धारा 6 (1) के तहत पूरे जिले में प्राइवेट नलकूप खनन पर 22 अप्रैल से रोक लगा दी है। यह रोक 30 जून तक जारी रहेगी। यानी इस अवधि में कोई भी ट्यूबवेल खनन नहीं करवा सकेंगे। एसडीएम की बिना अनुमति के कोई भी बोरिंग मशीन एंट्री नहीं करेगी। न ही नया कोई खनन करेगी। सार्वजनिक सड़कों से गुजरने वाली मशीनें एंट्री कर सकेगी। अवैध रूप से खनन करने या फिर एंट्री करने पर संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज की जाएगी। एसडीएम समय-समय पर निरीक्षण करेंगे और कार्रवाई कर सकेंगे। दो हजार रुपए का जुर्माना या दो वर्ष के कारावास की सजा हो सकती है। दोनों सजा से भी दंडित किया जा सकता है। सरकारी योजनाओं के तहत खनन करने पर यह आदेश लागू नहीं होगा, लेकिन इसकी भी परमिशन जरूरी रहेगी।



# शिक्षिका बनने पर महिला ने सरपंच पद से दिया इस्तीफा

**खंडवा एजेंसी। दमोह की ग्राम पंचायत खैजा लखरौनी की नवनिर्वाचित सरपंच सुधा पत्नी भरत सिंह ने शासकीय सहायक शिक्षक वर्ग तीन में नियुक्ति होने पर सरपंच का पद त्याग दिया। मंगलवार को वे अपने पति भरत सिंह और भाई राजकुमार सिंह के साथ आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्यालय नियुक्ति पत्र लेने के लिए पहुंचीं। सुधा की नियुक्ति खालवा ब्लाक के ग्राम गुलई माल में हुई है।**




सुधा ने बताया कि आठ महीने पहले ही वे गांव में निर्विरोध रूप से सरपंच चुनी गई थीं। सहायक शिक्षक वर्ग तीन की परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद नियुक्ति मिलने पर उन्होंने सरपंच पद से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने अपने त्यागपत्र के साथ अन्य दस्तावेज सहायक संचालक विवेक पांडे को सौंपे। शिक्षिका के इस कदम की अंचल में सर्वत्र चर्चा है।

### बच्चों के जीवन में लाएंगी बदलाव

सुधा सिंह ने बताया कि गांव की सरपंच रहते हुए उन्होंने वहां ग्रामीणो की सुविधा के लिए कई काम करवाए हैं। इसके बाद अब वे शिक्षिका बनकर आदिवासी इलाके में बच्चों को पढ़ाकर उनके जीवन में बदलाव लाएंगी। सुधा का मानना है कि सरपंच बनकर वे केवल एक गांव का विकास ही कर पातीं, लेकिन शिक्षिका बनकर वे कई बच्चों के जीवन में ज्ञान का उजाला लाएंगी।



### यातायात थाना प्रभारी की टेबल पर वायरलैस के साथ शराब की बोतल

मुरैना एजेंसी। मुरैना यातायात थाना प्रभारी अखिल नागर का एक वीडिया इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो गया है। इस वीडियो में वर्दी में बैठे यातायात प्रभारी की टेबल पर पानी की बोतलों के साथ एक महंगी शराब की बोतल भी दिख रही है। वीडियो वायरल होने के बाद यातायात थाने और थाना प्रभारी को लोगों ने ट्रोल करना शुरू कर दिया है। वहीं यातायात थाना प्रभारी की दावा है कि कुछ महीने पहले अवैध शराब पकड़ी थी, उसकी लिखा-पढ़ी के लिए यह बोतल टेबल पर रखी थी। वायरल हुआ वीडियो यातायात थाने के नए भवन के पास बने एक पुराने कमरे का बताया जा रहा है, जिसमें डली टेबल पर यातायात थाना प्रभारी अखिल नागर बैठे हैं। उनके सामने डली कुर्सियों पर भी पुलिस की वर्दी में बैठे कई कर्मचारी दिख रहे हैं, जिनमें से किसी का चेहरा वीडियो में नहीं दिख रहा। यातायात थाना प्रभारी की टेबल पर पानी की दो बोतले, वायरलेस सेट, नमकीन के कुछ पैकेटों के साथ एक महंगी शराब की बोतल दिख रही है। बोतल के आसपास या फिर किसी के हाथ में गिलास नहीं दिख रहा, लेकिन थाना प्रभारी धीरे-धीरे नमकीन को इस तरह खा रहे हैं, जिस तरह शराब के साथ चखना खाया जाता है।

## घायल हालत में पुलिस को मिला वारंटी

# बोली-शाम तक बच जाएं तो मुश्किल, मौत

**भिंड, एजेंसी।** दबोह के कुंअरपुरा नंबर दो में घायल हालत में मिले स्थायी वारंटी की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जब पुलिस घायल वारंटी के पास पहुंची तो वह पुलिसकर्मियों को देखकर बोला- मुझे बहुत मारा है, मुझ में इतने लठ दिए, अब का बताएं, शाम तक बच जाएं तो मुश्किल...। पुलिस घायल को लेकर अस्पताल लेकर पहुंची, उसका मेडिकल कराया। लेकिन उपचार शुरू होने से पहले ही वारंटी ने दम तोड़ दिया।पुलिस ने बताया कि 48 वर्षीय रिंकू पुत्र देवीचंद्र विश्वकर्मा निवासी कुंअर पुरा नंबर-दो दबोह का रहने वाला है। इस पर एससी एसटी एक्ट व एक अन्य मामले में वारंट निकले हुए थे। रिंकू दो साल से बाबा बनकर इधर-उधर रह रहा था। इसके पिता भी बाबा हैं। वहीं रिंकू का जमीन को लेकर विवाद उसके मामा व अन्य रिश्तेदारों से चल रहा था। इस बात के चलते रिंकू ने अपने रिश्तेदारों के घर के आसपास आग लगाने का प्रयास किया। इस बात को लेकर उसके रिश्तेदारों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद पुलिस को सूचना देते है कि एक आरोपित पकड़ा है जिसके खिलाफ वारंट है। ये उत्पात मचा रहा है। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। लेकिन सूचना देने वाले सामने नहीं आए। पुलिस घायल अवस्था में रिंकू व उसके पिता को लेकर आती है। पुलिस ने आरोपित से बातचीत की तो उसने मारपीट किए जाने की बात स्वीकारी है। इसके बाद उसे मेडिकल के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उपचार शुरू होने से पहले रिंकू दम तोड़ देता है। बता दें कि पुलिस ने रिंकू का एक वीडियो भी बनाया है। जिसमें रिंकू अपने साथ ही मारपीट की बात कहता हुआ नजर आ रहा है। वहीं पुलिस ने इस






# उज्जैन में दिग्गी राजा बोले- नहीं जाऊंगा चीन या पाकिस्तान, यहीं इनकी छाती पर मूंग दलता रहूंगा

**उज्जैन एजेंसी।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के चलते सियासी वार्मअप जोरों पर चल रहा है। उज्जैन में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ जुबानी जंग के बाद अब दिग्विजय सिंह ने बीजेपी को ताल ठोंककर ललकार दिया है। दरअसल बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय ने बयान दिया था कि पता नहीं उज्जैन आकर दिग्विजय सिंह की मति कैसे भ्रष्ट हो गई। जिस पर पलटवार करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा है कि मैं न तो पाकिस्तान जाऊंगा और न ही चीन, इनकी छाती पर मूंग दलता रहूंगा। अपने दो दिवसीय प्रवास पर उज्जैन पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह यहां अनेक बैठकें कर रहे हैं। नेताओं से मेल मुलाकातों का दौर भी जारी है। कांग्रेस नेता रवि भदौरिया के यहां पहुंचे दिग्गी राजा ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान सिंधिया और विजयवर्गीय के बयानों पर ठहाका लगाया। वे बोले कि मुझे तो हंसी आती है, उनके पास मेरे खिलाफ कहने को कुछ है नहीं। ईडी, सीबीआई भेज नहीं सकते, अब बचा क्या। पाकिस्तान में जन्म लो, चायना चले जाओ। मैं यहीं पैदा हुआ, यहीं मरूंगा। ना पाकिस्तान जाऊंगा न ही चीन जाऊंगा। इनकी छाती पर मूंग दलता रहूंगा।

### ऐसे छिड़ी बयान वॉर

दरअसल शुक्रवार को उज्जैन में दिग्विजय सिंह ने प्रेस वार्ता ली थी, वहां यह सवाल पूछा गया कि कांग्रेस में फिर विधायक बीजेपी के पाले में चले गए तो क्या करेंगे? इस पर दिग्विजय सिंह ने कहा था कि हे भगवान, हे महाकाल कांग्रेस में अब कोई दूसरा ज्योतिरादित्य सिंधिया पैदा मत करना। दिग्गी के इस बयान पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी ट्वीट के जरिए पलटवार किया था। उन्होंने लिखा कि हे प्रभु महाकाल दिग्विजय सिंह जैसा देश विरोधी भारत में पैदा न हो। उधर कैलाश विजयवर्गीय ने भी यह बयान दे डाला कि पता नहीं उज्जैन में आकर दिग्विजय सिंह की मति कैसे भ्रष्ट हो गई है।

### बीजेपी अक्सर बताती है शुभंकर

वैसे बीजेपी दिग्विजय सिंह को अक्सर अपना शुभंकर बताती है, बीजेपी नेताओं का कहना है कि दिग्विजय सिंह जितनी जुबान चलाएंगे, बीजेपी को उतना ही फायदा होगा। कांग्रेस के कई नेता भी बीजेपी की इस बात से इत्तेफाक रखते हैं। शायद यही कारण है कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पुलवामा अटैक पर सवाल उठाने पर जयराम रमेश ने दिग्विजय सिंह के मुंह से माइक छीन लिया था।

# बुंदेलखंड की महिलाओं ने बांध बनाकर दूर किया जलसंकट

भोपाल यशभारत। **'द माउंटेन मैन' के** नाम से प्रसिद्ध बिहार के दशरथ मांझी जैसा उदाहरण बुंदेलखंड के छतरपुर जिले के देवरान गांव की महिलाओं ने प्रस्तुत किया है। दशरथ ने अपनी पत्नी की याद में 22 साल में पहाड़ काटकर रास्ता बनाया था और इस गांव की महिलाओं ने भीषण जलसंकट से बचने के लिए काठन नदी की धारा रोक दी। महिलाओं ने रेत की बोरियों से नदी पर सिर्फ 11 दिन में बांध बना दिया। जिससे मवेशियों को पानी मिलने लगा है।हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गांव में जलसंकट की आहट के साथ ही गांव की रानी अहिरवार ने काठन नदी की धारा रोकने का निर्णय लिया। रानी ने अन्य महिलाओं से विचार साझा किया और धीरे-धीरे 25 महिलाएं उनसे जुड़ गई। ऐसे में एक विचार जनांदोलन बन गया और महिलाओं ने बोरियों में रेत भरकर नदी में बांध बनाना शुरू कर दिया। यह काम 11 अप्रैल से शुरू हुआ था। बांध पूरी तरह से बन जाने के बाद गांव वालों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। दरअसल, रानी अहिरवार जल सहेली हैं।जनवरी 2022 में परमार्थ समाज सेवी संस्थान ने इस गांव में पेयजल व स्वच्छता के तहत इस गांव में जागरूकता अभियान चलाया था। 11 अप्रैल से रानी ने 24 महिलाओं के साथ रोज सुबह पहुंच जाती हैं और बोरियों का बांध बना रही हैं। रानी अहिरवार का कहना है कि गर्मियों में पानी की धार टूट जाती थी जिससे गांव वालों को परेशानी होती थी।पानी की उपलब्धता के लिए हमें मीलों चलना पड़ता था। कई-कई बार पानी भरने में पूरा दिन निकल जाता था। इसलिए इस बार मई- जून में पानी की धारा टूटने का सामना न करना पड़े तो हम लोगों ने सोचा कि जब आसपास के गांवों में लोग बांध बना सकते हैं तो हम लोग क्यों नहीं। इस आन्दोलन के काम में गांव वाले बोरी देकर इसका हिस्सा बन रहे हैं तो कुछ श्रमदान करके।



# रक्षक का अपहरण, पुलिस टीमें पीछे लगीं तो गाड़ी सहित छोड़कर भागे बदमाश

**मुरैना. एजेंसी।** मोमोस बेचने वाले दुकानदार की मारपीट का विरोध करने पर पांच बदमाशों ने पुलिस आरक्षक का ही अपहरण कर लिया। आरक्षक की जमकर मारपीट की गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीमों ने बदमाशों का पीछा किया, तो बदमाश स्कार्पियो गाड़ी व घायल आरक्षक को छोड़कर भाग गए। बुधवार की रात यह घटना कलेक्टोरेट से सटे न्यू हाउसिंग बोर्ड के बिस्मिल चौराहा पर हुई है। पुलिस ने छह बदमाशों पर एफआइआर दर्ज की है।सिविल लाइन थाने में पदस्थ आरक्षक रामकुमार सिकरवार बुधवार रात सवा 7 बजे के करीब न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी के बिस्मिल चौराहा पर नाश्ते की दुकान से मोमोस ले रहे थे। इसी दौरान एक स्कार्पियो गाड़ी में सवार चार-पांच युवक आए जो गाड़ी में बैठकर की मोमोस मांगने लगे। मोमोस बेचने वाला दुकानदार एक प्लेट में मोमोस लेकर पहुंचा तो स्कार्पियो सवार दबंगों ने गालीगलौज करते हुए उसकी मारपीट शुरू कर दी। यह देखकर आरक्षक रामकुमार सिकरवार ने विरोध किया तो गाड़ी में बैठे बदमाश आरक्षक से गालीगलौज करते हुए अभद्रता पर उतर आए।



## पूर्व स्पीकर सुमित्रा महाजन के घर हुई गोपनीय बैठक

# उनकी सहमति- सुझाव के बाद जनप्रतिनिधियों की बैठक में आया अंडरग्राउंड प्रोजेक्ट

**इंदौर एजेंसी। इंदौर मेट्रो शहर के मध्य क्षेत्र हाईकोर्ट से लेकर एयरपोर्ट तक अब नौ किमी तक जमीन के 70 फीट नीचे अंडरग्राउंड 90 किमी की रफ्तार से चलेगी। पहले इसे पिलर पर चलाने की योजना थी, जिसे लेकर पूर्व स्पीकर सुमित्रा महाजन ने खासी आपत्ति ली हुई थी। मेट्रो अंडरग्राउंड चलाने की घोषणा और जानकारी देने से पहले मेट्रो एमडी मनीष सिंह के साथ अन्य पदाधिकारी शनिवार ( 22 अप्रैल) सुबह सबसे पहले महाजन के घर पहुंचे।**

यहां उनके साथ आर्किटेक्ट हिमांशु दूधवाडकर भी मौजूद थे। इस गोपनीय बैठक के दौरान सिंह ने सबसे पहले महाजन को पूरा यह प्लान बताया। इसमें महाजन ने भी अपनी मुख्य आपत्तियां बताई, इसका निराकरण किया गया। इसके बाद शाम को फिर जनप्रतिनिधियों और मीडिया को इस प्लान की जानकारी दी गई। बताया गया कि सितंबर माह में इंदौर में ट्रायल रन होगा।महाजन ने पलासिया से मेट्रो को पिलर पर ले जाने का विरोध का कारण बताया था कि इससे गांधी हॉल, राजबाड़ा इन सभी को खतरा था। दूसरा इससे लोगों को खासी समस्या होगी क्योंकि जमीन की कीमत बहुत है। उनके सामने से पिलर बनने और मेट्रो गुजरने से उनके व्यावसायिक स्थल पर समस्या आएगी। मेट्रो के अधिकारियों ने उन्हें घर जाकर पूरा प्लान बताया और कहा कि राजवाड़ा से दूर से मेट्रो गुजरेगी। सब अंडरग्राउंड होगा और किसी को समस्या नहीं आएगी। महाजन ने इस पर अपनी सहमति दी, इसके बाद यह प्रोजेक्ट मीटिंग में रखा गया। पहले मेट्रो के प्रारंभिक प्रोजेक्ट के तहत ट्रेन रीगल टॉकीज के पास से अंडर ग्राउंड होकर बड़ा गणपति से एलिवेटेड होना थी। बाद में शहर के बीच में अंडर ग्राउंड के बजाय एलिवेटेड ट्रेन चलाए जाने का प्रस्ताव आया। क्योंकि व्यापारिक संगठन विरोध कर रहे थे। साथ ही इनके साथ महाजन भी थी। शहर के मध्य क्षेत्र में ट्रेन रूट के अलाइनमेंट, अंडरग्राउंड या एलिवेटेड ट्रेन चलाने को लेकर क्षेत्र के व्यापारियों, जन प्रतिनिधियों के मत अलग-अलग थे। कुछ स्थानों को लेकर विरोध भी था। अफसरों का दावा है कि नए प्लान से सभी पक्ष सहमत हैं। जन प्रतिनिधियों ने नए प्लान पर सहमति भी जता दी है।हाई कोर्ट से लेकर एयरपोर्ट तक अंडरग्राउंड मेट्रो पलासिया के बाद इंदौर हाई कोर्ट से पहले प्रारंभ होगी। यह नगर निगम वर्कशॉप से होती हुई छोटा गणपति, बड़ा गणपति, रामचंद्र नगर होते हुये एयरपोर्ट के आगे पहुंचेगी।



## कथा में हुआ कृष्ण रुकमणी का मंगल विवाह

# जो सभी इन्द्रियों से कथा का पान करें उसका नाम है गोपी- सियावल्लभदास



**सिहोरा, यशभारत।** वार्ड नम्बर 11 में चल रही सप्तदिवसीय भागवत कथा के छटवें दिवस व्यासपीठ से संत प्रवर श्री सियावल्लभदास वेदांती जी महाराज ने कहा की तन की सुंदरता से बडी मन भक्ति की सुंदरता होती है जिस तरह रुकमणी ने भगवान की भक्ति कर उन्हे प्राप्त कर लिया उसी तरह जब हम भगवान की भक्ति वृत्ति, मन, बुद्वि से करेगे तो भगवान की कृपा जरुर होगी वेदांती जी महाराज ने श्रीकृष्ण रुकमणि मंगल विवाह की मिमांसा करते हुए कहा की जब भी भक्तों पर संकट आता है तब रक्षा करने भगवान किसी न किसी रुप में अवतरित होते है जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने रुकमणी से मंगल विवाह करके किया।



आगे कहा की रुक्मणि विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थी। वह भगवान श्रीकृष्ण से अनन्य प्रेम करती थी। प्रभु श्रीकृष्ण भी रुक्मणी को चाहते थे लेकिन रुक्मणि का भाई रुक्मी रुक्मणि का विवाह दुष्ट राजा शिशुपाल से तय कर दिया था तथा शिशुपाल बारात लेकर आ गया। रुक्मणि ने श्रीकृष्ण को संदेश भिजवाया। रुक्मणि सहेलियों के साथ मंदिर पूजन करने के बहाने जाती हैं।वहां भगवान श्रीकृष्ण आए और रुक्मणि का हरण कर रथ में ले गए और भगवान श्री कृष्ण का प्रथम विवाह रुक्मणि के साथ हुआ। वेदांती जी ने गोपी का मतलब बताते हुए कहा की गोपी नाम रुप से परे जीव है जो अपने सभी इन्द्रियों से प्रभू की कथा का पान करे उसका नाम है गोपी तथा गोपियों की लिए श्रीकृष्ण से बडी कोई संपत्ति नही जो श्रीकृष्ण को अपने हृदय में छुपा ले उसका नाम है गोपी। आगे कहा की राम ने बनवास जाकर रामत्व की स्थापना की है जिसका श्रेय मंथरा को जाता है। अगर मंथरा ने कैकई की बुद्धि भ्रष्ट कर भगवान को बनवास न भिजवाया होता तो रामराज की स्थापना न होती कथा में श्री कृष्ण माता रुक्मणी के विवाह में भक्त भावविभोर होकर भगवान श्री कृष्ण की जयकारा लगाने लगे।कथा की आयोजक राधे राधे महिला सत्संग मंडल की मंजू दुबे,निर्मल दुबे,अनीता त्रिपाठी,सरोज शुक्ला,सरोज पटेल,राधिका पटेल,अनीता शुक्ला,पार्वती नायक,पार्वती यादव,मीना पटेल,विनीता दुबे,दीपा तिवारी,संजना पटेल, माधुरी त्रिपाठी,अनीता लखेरा,मंजू मिश्रा,संजना पटेल,मधु ठाकुर,राजेश मिश्रा,राजू तिवारी,अनिल दुबे,गोपाल पाठक सुनील तिवारी नंदू,प्रवीण कुररिया,सतेन्द्र तिवारी,प्रशांत बाजपेयी,गंगा पटेल,आनंद पटेल आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया।

# पटरी से उतरी यातायात व्यवस्था



## सिंहपुर चौराहा सहित नगर के कई जगह लग रहा प्रतिदिन जाम

**नरसिंहपुर यभाप्र। इन दिनों शहर की यातायात व्यवस्था पटरी से उतरती नजर आ रहा है। नगर में प्रतिदिन देखा जा रहा है कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों सहित सिंहपुर चौराहा पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है जिससे राहगीरों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यहां देखा जाता है कि यहां दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान का सामान टेबिल लगाकर या वैसे ही रोड के किनारे रख दिया जाता है जिससे सड़क सकरी पड़ जाती है और यहां से निकलने वाले वाहनों सहित राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। जाम लगना एक दिन की बात नही है वरन यह स्थिति प्रतिदिन यहां देखी जा रही है।**

जानकारी के अनुसार के सिंहपुर चौराहा पर दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान रोड किनारे रख लिया जाता है जिससे सड़क सकरी हो जाती है और जाम लग जाता है। जाम के कारण वाहन चालकों सहित पैदल चलने वाले राहगीरों को काफी दिक्कत जाती है। वहां यहां पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण दुकान पर सामग्री खरीदने आये नागरिक भी अपने वाहन सड़क के किनारे खड़े कर देते है जिससे भी भारी परेशानी हो रही है।

### प्रतिदिन हो जाती है तू-तू, मैं-मैं

जाम लगने के कारण प्रतिदिन यहां राहगीरों सहित वाहन चालकों की तू-तू मैं-मैं प्रतिदिन होती रहती है। वहीं जब दुकानदारों से वाहन चालक या पैदल राहगीर अपना सामान दुकान के अंदर रखने की बात करते है तो दुकानदार भी विवाद करने के लिए उतारू हो जाते है। यातायात विभाग अगर इन दुकानदारों पर कोई कठोर कार्यवाही करता है तो शायद जाम की स्थिति निर्मित न हो। वहीं बड़े पुल पर भी दिन में कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। नगर में कई बार बड़े वाहन निकलने के कारण राहगीरों को अत्याधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### यहां-वहां लगा लेते है सब्जी की दुकान

नगर में हाथ ठेला पर रखकर सब्जी विक्रय करने वाले दुकानदार भी मन में जहां आता है अपना सब्जी का ठेला लगा लेते है, सड़क के बीच में खड़े सब्जी वालों से भी राहगीरों को काफी परेशानी है लेकिन इस ओर भी यातायात विभाग का कोई ध्यान नही है।

यातायात विभाग तो सिर्फ चालानी कार्यवाही में लगा रहता है उसे राहगीरों सहित आम नागरिकों की समस्याओं से कोई लेना देना नही होता। जनापेक्षा है कि यातायात विभाग इन दुकानदारों, सब्जी ठेलों वालों को समझाईश दे और अगर वे नही मानते तो इनके ऊपर कार्यवाही की जाये जिससे राहगीरों सहित वाहन चालकों को आवागमन में कोई असुविधा का सामना न करना पड़े।

### सुभाष पार्क पर सुबह-सुबह रहता है बाजार का दृश्य

नगर के सुभाष पार्क चौराहा पर सुबह-सुबह बाजार का दृश्य देखने मिलता है। सुबह यहां मजदूर आकर रोड पर खड़े हो जाते है जिससे जाम लगा रहता है। काम की तलाश में आये विभिन्न क्षेत्रों के मजदूर रोड पर खड़े रहते है और पूरी रोड को जाम कर लेते है। जरूरत है कि इन मजदूरों को अन्यंत्र खड़ा होने की व्यवस्था बनायी जाये जिससे रोड पर जाम न लग सके।

## अर्हम ध्यान से होते हैं मनोरथ पूर्ण-मुनि श्री प्रणम्यसागर जी महाराज

**शहपुरा भिटौनी, यशभारत।** शून्यता का भाव हमारे अंदर आना चाहिए। अगर हम जिनवाणी के एक अक्षर का भी ध्यान किया जाए तो हमारे कल्याण में कारण बन जाता वह है। यह धर्म ध्यान है। श्रावकों ध्यान व्यापार आदि कार्यों में लगा रहता है उसके लिए आचार्य ने पदस्थ ध्यान बताया है। अर्थात मंत्र के कुछ पदों का ध्यान पदस्थ ध्यान बताया है। एक अक्षर के रूप में ? का ध्यान होता है दो अक्षर के रूप में अर्ह का ध्यान किया जाता है अरिहंत के %अ%% अशारीरी के %अ% का मात्र भी ध्यान किया जा सकता है। पंच परमेष्ठी के प्रथम अक्षरों से पंचाक्षरी मंत्र अशरीरा उषा बनता है। उक्त



उद्गार अर्हम योग प्रणेता प्रणम्य सागर जी ने शहपुरा मैं व्यक्त किए । मुनिश्री ने आगे कहा बड़े बड़े योगी और जो योगी नहीं बने उनने भी ऊँकार ध्यान करें÷ ÷कामंद मोक्षद च ओंकाराय नमो नमः अर्थात् यह मंत्र ओंकार हमें हमारे सारे कार्यों को पूरा करने वाला तथा मोक्ष पाने वाला है। इस तरह के मंत्रों के से हमारे सारे मनोरथ पूरे होते हैं। एक अर्हमध्यान करने मात्र से समस्त सिद्धों की शक्तिया प्राप्त की जा सकती है। ज्ञात हो की संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज , मुनि श्री चंद्रसागर जी महाराज सहित अनेक क्षुललक महाराज जी भी विराजमान है। शहपुरा जैन पंचायत ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से सभी कार्यक्रमों मैं उपस्थित होने की अपील की है ।

## ढ्रेमी में बड़ी मात्रा में पकड़ी गयी अवैध शराब

गोटेगांव,यशभारत। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में चल रहे अभियान को बड़ी सफलता अवैध शराब के जखीरे पर ठेमी थाना प्रभारी शंकर सिंह ठाकुर की बड़ी कार्यवाहीजिसमें थाना प्रभारी ने बताया कि एक मार्सल गाड़ी एवं 20 पेटी अंग्रेजी शराब जप्त की गई है। नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में जिला अंतर्गत अवैध शराब के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु ''आपरेशन प्रहार'' चलाया जाकर असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। जिला अंतर्गत अवैध शराब की तस्करी/व्यापार में लिप्त व्यक्तियों की सूचना प्राप्त करने हेतु विभिन्न माध्यमों का उपयोग कर जानकारियां एकत्रित कर लगातार कार्यवाही की जा रही है।*आपरेशन प्रहार के तहत नरसिंहपुर पुलिस की ताबडतोड कार्यवाही, थाना ठेमी अंतर्गत बडी मात्रा में पकडी गयी अवैध शराब ।

## न्याय व्यवस्था दूषित होती,जब सत्ता की शानों में ले परशु तब राम मेरे फिर परशुराम बन जाते है

### परशुराम जयंती पर काव्य गोष्ठी आयोजित

**सिहोरा, यशभारत**।ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वावधान में परशुराम जयंती के अवसर पर मिस्पा मिशन के पास सुरेन्द्र तिवारी के आवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें शहर व आसपास के कवियों ने शानदार प्रस्तुतियाँ दी।.डा.अरुणा पांडे की अध्यक्षता व नंदकुमार परौहा के मुख्य आतिथ्य में किया गया जिसका शुभारंभ भगवान परशुराम जी के पूजन अर्चन व प्रमोद दाहिया के सुन्दर स्वरों से सुसज्जित सरस्वती वंदना से हुआ।इसके पश्चात श्रीमती सुषमा खरे ने विष्णु अवतार छठा,ब्रह्म कुल भाग्य जगा परशु समेत शुभ नाम हुआ रामजी गाकर वंदना की।धर्मशीला दुबे ने जिनके मुख में श्रीराम है भाग्य में उनके बैकुंठ धाम हैं गाकर सभी का दिल जीत लिया।आशा जैन जी ने समरसता पर आधारित गीत से सभी को एकजुट रहने का संदेश दिया।रमाकांत पाठक ने सांझ बुहारी बने साधना,विघ्न तुम्हारे करो सामना,अखिलेश माँगी ने गीत तथा गजल प्रस्तुत की।नारायण तिवारी ने वीर रस की कविता न्याय व्यवस्था दूषित होती,जब सत्ता की शानों में ले परशु तब राम मेरे फिर परशुराम बन जाते है गाकर सभी में जोश भर दिया।हास्य कवि संजय तिवारी ने नेताओ पर हास्य कविता के माध्यम से गुदगुदाने के साथ साथ करो तिरस्कार न मेरा न मुझको कोख में मारो की प्रस्तुती दी।ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राकेश पाठक ने श्रृंगार गीत रूप राशि तेरी आलिंगन में जब जब आएगी,सुरेन्द्र तिवारी ने शिक्षक की भूमिका व शिक्षण व्यवस्था पर कविता की जिसमें शिक्षक का दर्द परिलक्षित हो रहा था।नरेन्द्र खम्परिया ने रह जाता कोई अर्थ नहीं,अरविंद उपाध्याय ने हे विप्र शिरोमणि,तुम्हें बुलाने आया हूँ,तथा प्रवीण गौतम ने भी सुन्दर भाग्य कविता प्रस्तुत की। अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष ने सभी कविताओ पर विमर्श करते हुए अपनी मार्मिक कविता भूखे से भोजन क्यों माँगें,खुले वस्त्र से अंग नहीं से समाज के प्रति अपने चिंतन को प्रकट किया।कार्यक्रम का संचालन नारायण तिवारी ने किया।इस अवसर पर राजेन्द्र दुबे, मुन्नालाल गौतम,नायक जी,राजा भैया पटवा,अनिल कुररिया,राजेन्द्र दुबे,सूर्यकांत त्रिपाठी,अरविंद गौतम,बलराम उपाध्याय, प्रदीप परौहा, सुनील तिवारी गुड्डु,ब्राह्मण समाज सिहोरा के महामंत्री प्रवीण कुररिया,कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल पाठक मौजूद थे। आयोजन में सुधीर अवस्थी व रवि दुबे ने अपनी सुरीली आवाज में गीतों की प्रस्तुति देकर सभी को आनंदित कर दिया।

# पहली बार छुट्टी के दिन खुली मंडी

**नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा यभाप्र।** मंडी प्रशासन की मनमानी और अनियमिताओं के खिलाफ एकजुट होते कृषकों और नगर के अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों का रुख भांपते हुए पहली बार मंडी प्रबंधन ने शनिवार के दिन मंडी खुली रखी, जबकि शनिवार के दिन साप्ताहिक बाजार होने के कारण मंडी रखा करते थे। इससे मजेदार विषय तो यह रहा कि अक्षय तृतीया और ईद के कारण सार्वजनिक अवकाश भी था लेकिन मंडी प्रबंधन ने यह छुट्टी नहीं मनाई और मंडी खोलकर बैठे पहली बार इस सीजन का रिकार्ड अनाज 349 क्विंटल आया जिसमें मसूर की सर्वाधिक आवक रही। लेकिन बात वही रही स्थानीय व्यापारियों ने घोष विक्रय किया और बाहर के दूसरे व्यापारी नहीं पहुंचे अपने ही गांव में जमकर खरीददारी करते हुए देखे सुने गए प्रशासनिक कार्यवाही के भय से खेतों में बने गार्डनों में तुलाई करवाते हुए देखे सुने गए। कार्यवाही के भय के चलते कुछ ग्रामीण क्षेत्रों काचरकोना ईश्वरपुर इमझिरा खेरुआ और आस पास के कृषकों ने डोभी में जाकर अनाज बेंचा।

अब जब मंडी छुट्टी के दिन तक खुलने लगी है, फिर ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे में खुलेआम खरीद कर रहे व्यापारियों पर शिकंजा ना कसने के पीछे कौन से कारण हैं। बीकोर क्षेत्र से खुलेआम अरहर सहित चना मसूर की जमकर खरीददारी चल रही है। फिर भी वहां के व्यापारियों को रोकटोक नहीं की जा रही है।

मदनपुर के बड़े व्यापारी मंडी में आकर खरीद क्यों नहीं कर रहे हैं, अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में जहां रातों रात मसूर के ट्राला भर रहे हैं। लाइसेंस लेकर बैठे कुछ व्यापारी खुले आम कच्चे में खरीद कर रहे हैं। इनके स्टाक चेक करने में परहेज क्यों। जिस दिन कच्चे व्यापारियों से बीस रुपए बोरा का मोह त्याग दिया जायेगा उस दिन से व्यवस्था पटरी पर आ जायेगी और मंडी की आय भी डेढ़ गुनी बढ़ जायेगी। राजमार्ग क्षेत्र का व्यापारी तेंदूखेड़ा मंडी क्यों नहीं, उन पर मंडी प्रशासन की दृष्टि क्यों नहीं। स्वयं का बाहन लेकर गांवों में खरीद करने जाने वाले कांटों में सेंटिंग करने वाले व्यापारियों से चुप्पी क्यों। केवल स्थानीय व्यापारियों पर शिकंजा क्यों। कार्यवाही के नाम पर कुछ चिन्हित दलाल भी सक्रिय हो गये हैं। कृषि उपज मंडी परिसर में अधिकांश निरीक्षक मुख्यालय पर रहने की बजाय बाहर से आना जाना किया करते हैं।

## जनपद पंचायत कुंडम के अंतर्गत चल रहे अमृत सरोवर कार्यों में भारी हीला हवाली



**कुंडम, यशभारत।** जबलपुर जिले की आदिवासी जनपद पंचायत कुंडम में जिला पंचायत निधि एवं जनपद पंचायत निधि से अमृत सरोवर तालाबों का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें शासन की राशि की जमकर होली खेली जा रही ग्रामीण आदिवासी क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य अमृत सरोवर तालाब चेक डैम स्टॉप डेम भवन निर्माण कूप निर्माण रंगमंच निर्माण सब आधे अधूरे पड़े हुए हैं फर्जी बिल लगाकर मशीनों द्वारा कार्य कराया जा रहा है मनरेगा के तहत मजदूरों की फर्जी हाजिरी भरकर पंचायत सचिव निकाल रहा है ग्राम पंचायत ग गौरी जैतपुरी मड़ाई मखररार गोरैया तिलसानी भैंसवाही बरखेड़ा सरोली सहित 20 ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर तालाब निर्माण का कार्य कराया जा रहा है जिसमें मशीनों से कार्य कराया जा रहा है कागजों में खानापूर्ति कर उपयंत्रीयों की मिलीभगत से करोड़ों रुपए के तालाब निर्माण चेक डैम निर्माण घटिया स्तर का निर्माण कराया जा रहा है पानी भरने पर तालाब से अनेक जगहों से रिसाव रहता है चेक डैम स्टॉप डैम बह जाते हैं जिसको कोई देखने वाला नहीं है मध्यप्रदेश शासन की राशि की जनपद पंचायत मैं जमकर होली खेली जा रही है इसी तरह चल रहे निर्माण कार्य आधे अधूरे पड़े हुए हैं और राशि निकाली जा रही है सरपंच सचिव का कहना है बिगर लेनदेन के कोई कार्य आगे नहीं बढ़ता टीएस कराने से लेकर उपयंत्रीयों को भी रुपए देना पड़ता है तब काम आगे बढ़ता है बिगर लिए दिए कोई कार्य नहीं होता ग्राम पंचायत सरपंचों का कहना है की राशि के अभाव में कुछ कार्य रुके पड़े हैं मूल्यांकन होने से कार्य को रोक दिया गया है कलेक्टर जिला पंचायत सीईओ जबलपुर से ग्रामीण जनों ने मांग की है कि जनपद पंचायत कुंडम के अंतर्गत चल रहे सभी अमृत सरोवर बांध चेक डैम निर्माण कार्यों की जांच कराई जाएं इन ग्राम पंचायतों के फर्जी बिल चेक कराए जाएं सच्चाई सामने आ जाएगी।

## सर्व ब्राह्मण सभा के द्वार जिलेभर में मनाई परशुराम जयंती



**नरसिंहपुर यभाप्र।** विगत दिवस सर्व ब्राह्मण सभा जिला नरसिंहपुर के द्वारा परशुराम जयंती का कार्यक्रम जिले की विभिन्न तहसीलों में व खंड स्तर पर हुई जिसमें सर्वप्रथम सर्व ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियो के द्वारा परमहंसी गंगा आश्रम पहुंचकर प्रातः पूज्य गुरुदेव का समाधि स्थल का दर्शन किया एवं द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज एवं महामंडलेश्वर रामकृष्णा नन्द जी का आशीर्वाद लिया एवं सभी वविप्रो ने महामंडलेश्वर जी को उनके वर्धापन दिवस की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात सर्व ब्राह्मण सभा गोटेगांव के द्वारा आयोजित विशाल शोभायात्रा में उपस्थिति प्रदान की।

गोटेगांव के आयोजन में हजारों की संख्या मे विप्रो ने उपस्थिति प्रदान की। उसके बाद सभी पदाधिकारी बरमान पहुँचे जहाँ बरमान खंड के द्वारा भी परशुराम जयंती का विशाल आयोजन रखा गया जहाँ मां नर्मदा जी की महा आरती भी की गई। उसके पश्चात सभी पदाधिकारी ग्राम चीचली पहुँचे। चीचली में सर्व ब्राह्मण महासभा के द्वारा भी परशुराम जयंती का विशाल कार्यक्रम रखा गया। इस तरह परशुराम जयंती का कार्यक्रम सम्पूर्ण जिले में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में तेंदूखेड़ा विधायक सर्व ब्राह्मण सभा के जिला संरक्षक संजय शर्मा, मैथिली शरण तिवारी, संतोष दुबे, बीजेपी जिला अध्यक्ष अविलाश मिश्रा, श्रीमति साधना स्थापक, आशीष पालीवाल, एमआइएमटी कॉलेज चेयरमैन रूद्रेश तिवारी, नीरज महाराज एवं सर्व ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष पंडित नारायण प्रसाद दुबे, कोषाध्यक्ष पंडित देवेंद्र पाठक, प्रवक्ता राकेश शर्मा, जिला संयोजक नागेंद्र त्रिपाठी, रजनीश द्विवेदी, नवीन पांड़े, दुर्गा दुबे, दुर्गेश शर्मा, शिवकुमार बसेडिया, नन्दकिशोर शर्मा आदि बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## अपराजिता कार्यक्रम का नि : शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण संपन्न

गाडरवारा(यश भारत)। स्थानीय शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक शाला में बीते दिनों बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अपराजिता कार्यक्रम के अंतर्गत 15 दिवसीय निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना साईखेड़ा, गाडरवारा के द्वारा आयोजित किया गया था। इसमें प्रशिक्षक अमर मेहरा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। गत दिवस इसके प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया। जिसमें बीईओ साईखेड़ा प्रताप नारायण ने छात्राओं को 15 दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत प्रमाणपत्र प्रदान किए। उक्त अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक पूनम ठाकुर, कन्या नवीन स्कूल के पीटीआई विक्रम शर्मा एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे। कन्या नवीन स्कूल स्टाफ का सहयोग मिलने पर सभी का आभार ज्ञापित किया गया।




## अधिकारियों की नजरअंदाजी खुली हुई नाली दुर्घटनाओं को दे रही आमन्त्रण



गाडरवारा(यशभारत)रेल्वे स्टेशन पार्किंग के पास लम्बे अरसे से खुली नाली दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही अधिकारियों की नजरअंदाजी की हद हो चली है क्योंकि इसमें अनेक वाहनचालक चोटिल हो चुके है फिर भी जिम्मेदार अधिकारी कुम्भकर्णीय नींद से नही जाग रहे है

# धार्मिक क्षेत्र झोंतेश्वर के ग्राम श्यामनगर में शराब के बेचने और खरीदने पर ग्रामीणों ने लगाया पूर्णत : प्रतिबंध

**पकड़े जाने पर 2500 का जुर्माना या कानूनी कार्रवाही दोनों की जा सकती है ,इसके लिए ग्रामवासियों ने गठित की महिलाओं की समिति...**

**गोटेगांव, यशभारत।** आध्यात्मिक क्षेत्र झौंतेश्वर के ग्राम श्यामनगर में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया जाता है कि हमारे ग्राम में भाईचारा, सद्भाव सुख शांति का वातावरण सदैव बना रहे ,लड़ाई झगड़े ना हों, नशे के कारण गांव में आए दिन खराब वातावरण बना रहता है शराब से स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती है, अनेक हानियाँ भी होती हैं, इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए हम सभी ग्रामवासी यह निर्णय लेते हैं कि हमारे ग्राम श्यामनगर में शराब का क्रय-विक्रय (बेचना और खरीदना) पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा !

### समिति गठित करने का उद्देश्य

इसके बाबजूद भी अगर ग्राम का या बाहर का कोई व्यक्ति दारू बेचते एवं खरीदते हुए पाया जाता है या घरों में कच्ची शराब बनाते हुए पाया जाता है, इसके लिए ग्राम में एक समिति गठित की गई है जो इस तरह कार्य करेगी, दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों से जुर्माने के तौर पर 2500 रुपए लिया जाएगा, दूसरी बार ऐसा कृत्य करते पाए जाने पर ?5000 जुर्माना के साथ उस व्यक्ति को ग्राम का विरोधी या ग्राम हितेषी ना मानते हुए ग्राम की सभी सामाजिक एवं व्यवहारिक गतिविधियों से वंचित कर दिया जाएगा ! वहीं ग्राम समिति का कहना है कि ग्राम का या बाहर का कोई व्यक्ति ग्राम में दारू पीकर गाली-गलौज ,अपशब्दों का प्रयोग करते पाए जाता है तो उस व्यक्ति की सूचना नजदीकी पुलिस चौकी या 100डायल के माध्यम से पुलिस को दी जाएगी एवं गवाही के तौर पर स्वयं ग्राम की समिति उस व्यक्ति पर उचित कार्यवाही हेतु तत्पर रहेगी, समिति ने यह निर्णय भी लिया है जिसमें महिलाओं का अधिक सहयोग है गांव में अगर कोई पक्की शराब बेचते पाया गया तो संबंधित ठेकेदार शराब व्यापारी के खिलाफ उसके घर जाकर महिलाओं सहित पूरा गांव नारेबाजी करेगा एवं शासन-प्रशासन से कानूनी कार्रवाई के लिए मांग की जाएगी !

समिति के सदस्य ग्राम में बाहरी लोगों के आने जाने पर नजरें रखेंगे, संदिग्ध पाए जाने पर व्यक्ति की तलाशी भी ली जा सकती है, रात्रि 10ः00 बजे के बाद बाहरी कोई व्यक्ति ग्राम में प्रवेश करता है तो उसे बकायदा पूछताछ की जाएगी , गलत जानकारी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के माता-पिता या सगे संबंधियों को बुलाकर ही उस व्यक्ति को गाँव से छोड़ा जाएगा , ग्राम में शराब से लेकर गांजा, जुआ, सट्टा ,खेलने एवं खिलाने वाले व्यक्तियों पर भी यह समिति नजरें रखेगी ऐसा करते पाए जाने पर व्यक्तियों को चिन्हित कर के उनके खिलाफ समिति के निर्णय के अनुसार जुर्माना या कानूनी कार्रवाई दोनों की जा सकती है ग्राम में शराब का क्रय-विक्रय पूर्णतः बंद रहे इसके लिए ग्राम वासियों ने नजदीकी पुलिस चौकी प्रभारी एस.आई. श्रीमती अंजलि अग्निहोत्री जी को ज्ञापन दिया है* ,जिसमें ग्राम वासियों ने कहा है और यह सब कार्य पूरी तरह बंद हो एवं दोषी व्यक्तियों पर निसंकोच कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए !

*झोंतेश्वर आस-पास की ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि सरपंचों एवं क्षेत्रवासियों को सहयोग हेतु पत्र के माध्यम से करेंगे सूचित* आपको सूचित जाता है कि आप भी ग्राम के इस निर्णय को ध्यान में रखते हुए आपसी भाईचारा, सद्भाव, सुख ,शांति समाज में बनी रहे ऐसा मानकर आप सभी सहयोग करेंगे और अपने गांव में मुनादी करा कर अपने ग्राम वासियों को सूचित करेंगे कि आप संबंधित गांव में दारू के क्रय विक्रय के लिए नहीं जाएंगे, पकड़े जाने पर आप जुर्माना लिया जाएगा जिसके लिए आप स्वयं जवाबदार होंगे !

# अर्शदीप का दो बार स्टंप तोड़ना पड़ा बहुत भारी, BCCI को हुआ लाखों का नुकसान





**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2023 के 31वें मुकाबले में पंजाब किंग्स की टीम ने मुंबई इंडियंस को 13 रनों से मात दी। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब की टीम ने बोर्ड पर 8 विकेट खोकर 214 रन लगाए। जिसके जवाब में मुंबई की टीम 6 विकेट खोकर 201 रन ही बना पाई। पंजाब की जीत के हीरो अर्शदीप सिंह रहे। अर्शदीप ने इस मैच में 4 विकेट झटके। लेकिन अर्शदीप की बेहतरीन गेंदबाजी बीसीसीआई को महंगी पड़ गई।

## अर्शदीप ने तोड़े स्टंप

मुंबई इंडियंस को आखिरी ओवर में जीतने के लिए 16 रनों की जरूरत थी। तब पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने गेंद अर्शदीप सिंह को थमाई। उन्होंने आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी की। उनकी पहली गेंद पर टिम डेविड ने एक रन लिया। फिर दूसरी गेंद पर उन्होंने कोई भी रन नहीं दिया। इसके बाद तीसरी गेंद पर उन्होंने तिलक वर्मा को क्लीन बोल्ड किया और मिडिल स्टंप भी तोड़ दिया। फिर चौथी गेंद पर भी उन्होंने स्टंप तोड़ते हुए नेहाल वडेरा को क्लीन बोल्ड किया। इस बार स्टंप टूटकर दूर जाकर गिरा।

## बीसीसीआई को हुआ नुकसान

अर्शदीप सिंह ने आखिरी ओवर में 16 रन बचाकर पंजाब की टीम को जीत तो दिला दी लेकिन बीसीसीआई को इससे लगभग 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एलईडी स्टंप्स और जिंग बेल्स के एक सेट की कीमत करीब 40,000 डॉलर यानी करीब 30 लाख रुपए है। अर्शदीप ने एक के बाद एक लगातार दो बार स्टंर तोड़े ऐसे में बोर्ड को लाखों का नुकसान होना तय है।

## पंजाब ने जीता रोमांचक मुकाबला

पंजाब किंग्स ने मुंबई की टीम को जीतने के लिए 215 रनों का टारगेट दिया। मुंबई इंडियंस की शुरुआत शानदार नहीं रही। जब ओपनर ईशान किशन सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रोहित शर्मा और कैमरून ग्रीन ने कमाल की पारियां खेली। जब ये दोनों ही बल्लेबाज खेल रहे थे। तभी मुंबई की जीत निश्चित लग रही थी, लेकिन रोहित 44 रन बनाकर आउट हो गए। ग्रीन ने 67 रनों का योगदान दिया। रोहित के आउट होने के बाद रन बनाने की जिम्मेदारी सूर्यकुमार यादव ने संभाली। उन्होंने कुछ आकर्षक स्ट्रोक लगाए। सूर्या ने 26 गेंदों में 57 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 3 लंबे छक्के शामिल थे। टिम डेविड ने 13 गेंदों में 25 रन बनाए, लेकिन वह मुंबई इंडियंस को जीत नहीं दिला पाए।

# क्षेत्रीय चरण में अपराजित अभियान के बाद एफसी गोवा ने आरएफडीएल नेशनल ग्रुप स्टेज के लिए योग्यता हासिल की



**नागोआ, एजेंसी।** रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) में गोवा क्वालीफायर के अपने अंतिम मैच में सेसा फुटबॉल अकादमी पर 1-0 की जीत के बाद, एफसी गोवा ने प्रतियोगिता के अगले चरण में एक स्थान हासिल किया, जो कि निर्धारित है अप्रैल के अंत से राष्ट्रीय स्तर पर खेला जाएगा। माकन चोथे ने शनिवार के संघर्ष का एकमात्र गोल दागकर यंग गौर को दस मैचों में अपने अभियान की आठवीं जीत दिलाई। ड्रॉ में समाप्त होने वाले अन्य दो मैचों के साथ, वे आरएफडीएल नेशनल ग्रुप स्टेज के लिए अर्हता प्राप्त करने से पहले पूरे क्षेत्रीय स्तर पर नाबाद रहे। चोथे के अलावा, सेसा के खिलाफ डेगी कार्डोज़ो के शुरुआती लाइनअप में तीन अन्य एफसी गोवा फर्स्ट टीम के सदस्य गोलकीपर ऋतिक तिवारी, डिफेंडर निखिल प्रभु और मिडफील्डर लालरेमरुता एचपी शामिल थे। जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, गोवा ने लालरेमरुता और वेलिंगटन फर्नांडिस के साथ कार्यवाही पर नियंत्रण स्थापित कर लिया और मिडफ़ील्ड से प्रभावी ढंग से खेलने लगे। मैच के 39वें मिनट में माकन छोठे ने गोल कर टीम को सफलता दिलाई। मणिपुरी विंगर ने एक विपक्षी खिलाड़ी द्वारा रक्षात्मक चूक का फायदा उठाया, गेंद को बॉक्स के किनारे पर जीतने के लिए और आगे बढ़ते हुए गोलकीपर के पीछे और नेट के पीछे स्लॉट करने से पहले। दूसरी अवधि की शुरुआत में, ऑरेंज में लड़के दो अलग-अलग मौकों पर अपनी बढ़त को दोगुना करने के करीब पहुंच गए। लालरेमरूआटा द्वारा बाएं पैर से किए गए वॉली ने कीपर को पीटा, लेकिन इससे पहले कि वह दूर जाता, वह पोस्ट से जा टकराया। पांच मिनट बाद, स्थानापन्न सईश गांवकर ने छह गज के बॉक्स के अंदर एक पास प्राप्त किया और एक शॉट का प्रयास किया, लेकिन लक्ष्य से चूक गए। क्लैश के आखिरी चरण में सेसा एफए ने बराबरी की तलाश में किचन सिंक फेंका। वे कई मौकों पर गेंद को खतरनाक क्षेत्रों में ले जाने में भी कामयाब रहे। हालांकि, प्रभु और कप्तान रेयान मेनेजेस के कुछ सूक्ष्म रक्षात्मक काम ने गौर को अपनी बढ़त बनाए रखने में मदद की और अंततः 1-0 से जीत हासिल की। 10 मैचों में 26 अंकों के साथ, एफसी गोवा ने टेबल-टॉपर्स के रूप में अपने आरएफडीएल गोवा क्षेत्रीय अभियान को समाप्त कर दिया है। उनके लिए अब अगला मुकाबला रविवार को नागोआ पंचायत ग्राउंड में हैदराबाद एफसी रिजर्व्स के खिलाफ सेकेंड डिवीजन लीग का है।

# अंतिम चरण में पहुंचा यूईएफए चैंपियंस लीग इन टीमों के बीच होगा सेमीफाइनल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूईएफए चैंपियंस लीग सेमीफाइनल चरण में पहुंच गई है, जहां दो इटेलियन टीमें - मिलान और इंटर मिलान एक-दूसरे का सामना करेंगी, जबकि एक स्पेनिश क्लब, रियल मैड्रिड और एक इंग्लिश क्लब, मैनचेस्टर सिटी, अपने-अपने सेमीफाइनल में एक-दूसरे का सामना करेंगी। मिलान और इंटर मिलान अपना पहला लेग मैच 11 मई को खेलेंगे, जबकि उनका दूसरा मैच 17 मई को खेला जाएगा। वहीं, डिफेंडिंग चैंपियन रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी अपना पहला सेमीफाइनल लेग मैच 10 मई को खेलेंगे। जबकि उनका दूसरा मैच 18 मई को होगा। ईएल मैड्रिड और एसी मिलान क्रमशः चेल्सी और नेपोली को हराकर चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। रोड्रिगो के दो गोलों की मदद से स्टैमफोर्ड ब्रिज में लॉस ब्लैंकोस ने 2-0 से जीत हासिल की, जबकि रॉसनेरी ने 1-1 की बराबरी पर रहते हुए अपने सीरी ए प्रतिद्वंद्वियों को 2-1 से हरा दिया और अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर लिया।

## कब और कितने बजे होंगे मैच

**लेग - 1-** रियल मैड्रिड बनाम मैनचेस्टर सिटी - 10 मई समयानुसार देर रात 12.30 बजे, मिलान बनाम इंटर मिलान - 11 मई भारतीय समयानुसार देर रात 12.30 बजे

**लेग - 2 -** मिलान बनाम इंटर मिलान - 17 मई भारतीय समयानुसार देर रात 12.30 बजे, रियल मैड्रिड बनाम मैनचेस्टर सिटी - 18 मई समयानुसार देर रात 12.30 बजे

# आई-लीग क्वालीफायर- एफसीबीयू के निखिल माली आरकेएम एफसी क्लैश से पहले टीम बॉन्ड, नए कोच पर प्रतिबिंबित



**बेंगलुरु, एजेंसी।** एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड वर्तमान में चल रहे द्वितीय श्रेणी आई-लीग क्वालीफायर में ग्रुप डी के नेता हैं। 7 मैचों में 14 अंकों के साथ, वे एक प्रभावशाली रन पर रहे हैं और अपने पिछले मैच में उन्होंने प्रतिद्वंद्वी बेंगलुरू एफसी को 2-0 से हराया था। उनकी आक्रामक क्षमता उनके अभियान में सबसे आगे रही है - उन्होंने 20 गोल किए हैं, जो पूरे टूर्नामेंट में सबसे अधिक है, और केवल पांच अवसरों पर स्वीकार किया है। प्रारंभिक ग्रुप चरण के अपने अंतिम गेम के लिए सोमवार को वे एक अवे क्लैश में आरकेएम एफसी से भिड़ेंगे। मैच से पहले फॉरवर्ड निखिल माली ने फुटबॉल में अपने सफर, टीम केमिस्ट्री, नए कोच से तालमेल बिठाने और अगले गेम से पहले अपने विचारों के बारे में बात की। निखिल माली इस साल की शुरुआत में आइजोल एफसी से बेंगलुरु पहुंचे थे। जबकि वह एक फुटबॉलर के रूप में अपने पेशेवर करियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है, उसके पास कंप्यूटर अनुप्रयोग में डिग्री भी है और उसने एक सॉफ्टवेयर डेवलपर के रूप में काम किया है। पेशेवर फुटबॉल में परिवर्तन पर टिप्पणी करते हुए, उन्होंने कहा, जब मैं काम कर रहा था, तो मैं इस भावना को हिला नहीं सका कि मैं एक फुटबॉल पिच पर था। इसलिए, मैंने पूरे समय फुटबॉल को आगे बढ़ाने का फैसला किया और मैंने तब से पीछे मुड़कर नहीं देखा। टीम के शानदार प्रदर्शन पर, माली ने टीम केमिस्ट्री की भूमिका के बारे में बात की और बताया कि कैसे यह अब तक उनके टूर्नामेंट की नींव रही है। माली ने कहा, टीम की केमिस्ट्री वास्तव में अच्छी है। हालांकि हमारे पास कई नए खिलाड़ी आए हैं, जिनमें मैं भी शामिल हूं, टीम के भीतर एक मजबूत बंधन है। उन्होंने आगे कहा, हमारा बंधन वास्तव में प्रशिक्षण में आता है, तब भी जब हमारे पास खिलाड़ी समान पदों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, वे हमेशा एक दूसरे को प्रोत्साहित और मदद कर रहे हैं। उन्होंने टीम पर नए कोच फर्नांडो वरेला के तात्कालिक प्रभाव के बारे में भी बात की। खेल के बारे में उनका ज्ञान बहुत अच्छा है और सामरिक रूप से वह बहुत मजबूत हैं इसलिए यह ऐसी चीज है जिस पर हम बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। फर्नांडो वरेला खिलाड़ियों को प्रेरित करने और उनसे प्रदर्शन निकालने में महत्वपूर्ण रहे हैं। वह हमेशा हमें प्रेरित कर रहे हैं और हमें प्रत्येक खेल और प्रत्येक प्रशिक्षण सत्र के साथ बेहतर होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। अपने होम लेग में एफसीबीयू ने आरकेएम एफसी को 4-0 से हराया। छत्तीसगढ़ में आरकेएम एफसी के खिलाफ आगामी मुठभेड़ के संबंध में। माली ने कहा कि अवे मैच हमेशा चुनौतीपूर्ण होते हैं। अपरिचित परिस्थितियों में खेलना हमेशा एक चुनौती होती है, आप मैदान को नहीं जानते, मौसम अलग हो सकता है और आप कभी नहीं जानते कि घरेलू टीम को कितना समर्थन मिलेगा। हालांकि, अगर हम अपनी प्रक्रियाओं पर टिके रहते हैं और निष्पादन पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो हम हमें मनचाहा परिणाम मिलना चाहिए।

## रंग संसार

# विद्युत जामवाल की आईबी71 का नया पोस्टर जारी, 12 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विद्युत जामवाल मौजूदा वक्त में आईबी71 को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि आईबी71 विद्युत की अपनी प्रोडक्शन कंपनी एक्शन हीरो फिल्म्स की पहली फिल्म है। इसमें अनुपम खेर भी हैं। हाल ही में आईबी71 धमाकेदार टीजर सामने आया था, जिसे दर्शकों द्वारा खूब प्यार मिला है। अब शुक्रवार को निर्माताओं ने आईबी71 का नया पोस्टर साझा किया है। इसके साथ उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म का ट्रेलर सोमवार (24 अप्रैल) को जारी किया जाएगा। टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर पोस्टर साझा करते हुए लिखा, नियमित सोमवार नहीं क्योंकि यह एक मिशन दिवस होने जा रहा है। आईबी71 के ट्रेलर के लिए 3 दिन बाकी हैं। भारत के टॉप सीक्रेट मिशन को जानने के लिए तैयार हो जाइए। आईबी71 12 मई को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में आ रही है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी है और एक रोमांचक स्पाई थ्रिलर फिल्म है। हाल ही में आईबी 71 फिल्म के टीजर को शेयर करते हुए विद्युत जामवाल ने कैप्शन में लिखा था, इंडिया का सबसे कॉन्फिडेंशियल मिशन, जिसने हमें 1971 के वॉर में जीत दिलाई. इस फिल्म के नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर संकल्प रेड्डी हैं, जो इससे पहले साल 2017 में गाजी फिल्म का निर्देशन कर चुके हैं. टीजर के अलावा विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर भी शेयर किया है.दिलचस्प बात ये है कि विद्युत जामवाल ने फिल्म आईबी71 को अपने प्रोडक्शन हाउस एक्शन हीरो के बैनर तले को-प्रोड्यूस भी किया है. इसके अलावा टी-सीरीज, रिलायंस एंटरटेनमेंट और अब्बास सैय्यद मूवी को प्रोड्यूस कर रहे हैं. फिल्म की कहानी आदित्य शास्त्री ने लिखी है. ये फिल्म 12 मई, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।






# मालूम हो कि जबरदस्थ फेम चालकी को चंटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मालूम हो कि जबरदस्थ फेम चालकी को चंटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जबरदस्त शो से खूब पहचान बनाने वाली चंटी ने इसके बाद बिग बॉस शो में हिस्सा लिया और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया. उसके बाद कुछ खास देखने को नहीं मिला। मालूम हो कि वह हाल ही में बीमार पड़े हैं। मीडिया सूत्रों के मुताबिक, उन्हें गंभीर हार्ट स्ट्रोक की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ऐसा लगता है कि डॉक्टरों ने कहा है कि उनकी हालत अब गंभीर है। इतनी कम उम्र में अस्पताल में भर्ती होना कुछ ऐसा है जो प्रशंसकों और परिवार के सदस्यों को आहत करता है। पिछले साल टेलीकास्ट हुए बिग बॉस रियलिटी शो में भाग लेने वाली चंटी बिग बॉस के अंत तक नहीं पहुंच पाई। कुछ ही हफ्तों में हटाया जा रहा है। बिग बॉस से बाहर आने के बाद वह बड़े पर्दे पर नजर नहीं आए। रुक-रुक कर शो करने वाली चालकी चंटी पर्दे से पूरी तरह दूर होने के कारण चालकी चंटी के साथ हुई घटना को लेकर उनके प्रशंसक चिंतित हैं. चालकी चंटी को इस समय अस्पताल में भर्ती कराए जाने की खबर सुनकर फैंस थोड़े चिंतित हैं।

# स्कारलेट जोहानसन ने पुष्टि की, मार्वल में लौटने की उनकी कोई योजना नहीं



**लॉस एंजेलिस, एजेंसी।** अभिनेत्री स्कारलेट जोहानसन, जिन्हें 2021 की ब्लैक विडो के साथ द एवेंजर्स फिल्मों में अभिनय करने से पहले आयरन मैन 2 में ब्लैक विडो के रूप में पेश किया गया था, ने कहा कि उनकी मार्वल सिनेमैटिक में वापसी की कोई योजना नहीं है। भविष्य में ब्रह्मांड। हाँ, यह बहुत अच्छा था। यह अब तक का सबसे अच्छा समय था। मेरा मतलब है, एवेंजर्स करना बहुत मजेदार था। मैं 26 साल का था, मैं अकेला था, यह मजेदार था! तुम्हें पता है, मेरे पास कोई नहीं था एसशोबिज डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, स्कारलेट ने ग्वेनेथ पाल्ट्रो - जिन्होंने आयरन मैन फिल्मों में पेपर पॉट्स के रूप में अभिनय किया - द गूप पोडकास्ट पर कहा, यह किसी के लिए जिम्मेदारी है, लेकिन सिर्फ खुद का आनंद लेने के लिए। और फिर हर दो साल में, हम वापस जाते थे, और इसे फिर से करते थे, और सभी हमारे जीवन में अलग-अलग जगहों पर होते थे। जैसे, किसी का बच्चा होगा, या शादी हो रही थी, या तलाक हो गया था, या फिर से शादी कर ली थी, या जो भी हो। और यह ऐसा था, मुझे नहीं पता, एक वयस्क ग्रीष्मकालीन शिविर की बात। और यह अच्छा था। यह वास्तव में, वास्तव में कुछ बेहतरीन अनुभव थे। मेरा काम हो गया। हां, मेरा काम हो गया। अध्याय खत्म हो गया। मैंने वह सब किया जो मुझे करना था। साथ ही, वापस आना और एक दशक में बार-बार इस तरह का किरदार निभाना, इतना अनूठा है अनुभव। स्कारलेट के पास मार्वल बॉस केविन फीगे के लिए भी दयालु शब्द थे- वह सिनेमा, कहानी कहने के ऐसे प्रेमी हैं। वह वास्तव में एक प्रशंसक हैं।इस बीच, इस जोड़ी ने 50 वर्षीय ग्वेनेथ में लौटने की संभावना पर भी चर्चा की। ग्वेनेथ ने कहा- मुझे ऐसा लगता है। मेरा मतलब है, मैं मरा नहीं था इसलिए वे हमेशा मुझसे पूछ सकते हैं। स्कारलेट ने उत्तर दिया- मुझे लगता है कि आप किसी बिंदु पर वापस आ सकते हैं। सौ फीसदी, यह हो रहा है। मैं इसे देख सकती हूं। वे आपको कभी जाने नहीं देंगे। उस विग को तोड़ दें, बच्चे। ग्वेनेथ ने चुटकी ली, वास्तव में? 64 वर्षीय पेपर पॉट्स? कितना बढ़िया।



# प्लीज फरहाद सामजी को हेरा फेरी 3 से हटा दो.., सलमान की फिल्म का हाल देख निर्देशक पर भड़के फैंस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान 21 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म को लेकर लोगों में जबरदस्त बज बना हुआ था और सलमान के फैंस चार साल के बाद उनके दोबारा पर्दे पर वापस लौटने के इंतजार में थे। ईद के खास मौके पर फैंस को सलमान ने तोहफा दिया। पहले दिन इस फिल्म ने महज 13 करोड़ रुपये का औसत कारोबार किया, वहीं दूसरे दिन फिल्म की कमाई डबल यानि तकरीबन 25 करोड़ रुपये रही। वहीं कुछ लोगों को यह फिल्म बिल्कुल नहीं पसंद आई है। लेकिन लोगों ने इसका ठीकरा सलमान खान नहीं बल्कि फिल्म के निर्देशक फरहाद सामजी पर फोड़ा है। सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान की तुलना शाहरुख खान की पठान से की जा रही थी। लेकिन किसी का भाई किसी की जान के कलेक्शन के आंकड़ों ने बता दिया कि फिल्म की हालत क्या है। इसके पीछे लोगों को फरहाद सामजी का कमजोर डायरेक्शन नजर आ रहा है। किसी का भाई किसी की जान की रिलीज के बाद से ही यूजर्स फरहाद सामजी पर जमकर भड़के हुए हैं। लोगों ने कहना शुरू कर दिया है कि ये फिल्म जिस साउथ फिल्म वीरम् का हिंदी रीमेक है, उसे तो लोगों ने पसंद किया था, लेकिन फरहाद के डायरेक्शन में इतनी कमियां हैं कि दर्शकों को कहानी में मजा ही नहीं आया। एक यूजर ने लिखा- फिल्म का डायरेक्शन फरहाद से करा के कबाड़ा कर दिया। कुछ लोगों ने तो सोशल मीडिया पर यह तक कह दिया है कि एक और फिल्म किसी का भाई किसी की जान को बर्बाद कर दिया और अभी भी हेरा फेरी 3 का निर्देशन कर रहे हैं, प्लीज इन्हें हटा दो।




# अक्किनेनी अखिल की एजेंट मूवी का प्री-रिलीज़ इवेंट आज वारंगल में आयोजित किया जाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अक्किनेनी अखिल की एजेंट मूवी का प्री-रिलीज़ इवेंट आज वारंगल में आयोजित किया जाएगा। मालूम हो कि अक्किनेनी के फैन्स फिल्म एजेंट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. लंबे समय से बतौर हीरो सिनेमा में एंट्री कर रहे अखिल कमर्शियल हिट नहीं कर पाए हैं। अखिल की पिछली फिल्म मोस्ट बैचलर भी औसत रही थी। इसने एजेंट फिल्म में सभी की उम्मीदें जगा दी हैं। फिल्म के निर्माता फिल्म तालुका पर अपडेट दे रहे हैं और फिल्म की उम्मीदें बढ़ा रहे हैं जब फिल्म 28 अप्रैल को स्क्रीन पर आने वाली है। हाल ही में कई गाने रिलीज़ और प्रभावित हुए हैं, आज इस फिल्म का प्री-रिलीज़ इवेंट वारंगल में होने वाला है. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अक्किनेनी नागार्जुन होंगे। हिप हॉप तमीजा ने इस फिल्म के लिए संगीत तैयार किया। एजेंट को एके एंटरटेनमेंट और सुरेंद्र 2 सिनेमा बैनर द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित किया गया है। वक्कंथम वामसी इस फिल्म की कहानी प्रदान कर रहे हैं, वहीं मलयालम स्टार हीरो मम्मूटी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही, मुरली शर्मा और पोसानी कृष्णा मुरली अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभा रहे हैं।



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश



**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

## डबल इंजन सरकार का प्रयास
## हो रहा है मध्यप्रदेश का विकास

### 4 लाख 11 हजार लाभार्थियों का 'गृह प्रवेश कार्यक्रम'

**प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण** के अंतर्गत प्रदेश में **33 लाख 49 हजार** आवासों का निर्माण पूर्ण

### रेल परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास एवं शुभारंभ

मध्यप्रदेश में **₹2300 करोड़** से अधिक की रेल परियोजनाओं की सौगात

- गेज परिवर्तन एवं विद्युतीकरण की 3 परियोजनाओं का लोकार्पण
- राज्य में रेल नेटवर्क का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण
- ग्वालियर स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास
- तीन ट्रेनों का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

### समूह जल प्रदाय योजनाओं का शिलान्यास

लागत - **₹7853 करोड़**, लाभान्वित गांव - **4036**

- गुलाब सागर समूह जल प्रदाय योजना
- रीवा बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना
- टमस समूह जल प्रदाय योजना
- सीधी बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना
- सतना बाणसागर-2 समूह जल प्रदाय योजना

### मुख्य अतिथि

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

### गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**गिरिराज सिंह**
केन्द्रीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज

**फग्गन सिंह कुलस्ते**
केन्द्रीय राज्य मंत्री, इस्पात एवं ग्रामीण विकास

**कपिल मोरेश्वर पाटिल**
केन्द्रीय राज्य मंत्री, पंचायती राज

**प्रहलाद सिंह पटेल**
केन्द्रीय राज्य मंत्री, जल शक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण

**साध्वी निरंजन ज्योति**
केन्द्रीय राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा ग्रामीण विकास

**महेन्द्र सिंह सिसौदिया**
मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मध्यप्रदेश शासन

**बिसाहूलाल सिंह**
मंत्री, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, मध्यप्रदेश शासन

**रामखेलावन पटेल**
राज्य मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मध्यप्रदेश शासन

**विष्णु दत्त शर्मा**
सांसद, लोकसभा, खजुराहो

**जनार्दन मिश्रा**
सांसद, लोकसभा, रीवा

**गणेश सिंह**
सांसद, लोकसभा, सतना

**श्रीमती रीती पाठक**
सांसद, लोकसभा, सीधी

D-11015

**प्रातः 10:30 बजे, सोमवार, 24 अप्रैल, 2023**
**एस. ए. एफ. ग्राउंड, रीवा, मध्यप्रदेश**

सीधा प्रसारण DD NEWS @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी/2023